RNI N.- BIHBIL/2022/88070

राष्ट्रीय द्विभाषिक सामाचार पत्र

www. bordernewsmirror.com

बॉर्डर न्यूज मिरर

"खबरों से समझौता नहीं"

पटना, वर्षः 7 , अंकः73 , रविवार, 26 अप्रैल 2026 मूल्यः 5:00, पृष्ठः8 9471060219, 9470050309 www.bordernewsmirror@gmail.com

महादेव की नगरी में हरित चेतना का संकल्पः केशव कृष्णा का दिव्य पर्यावरण यज्ञ 03

'चंपारण अम्बेडकर चेतना पुरस्कार' से सम्मानित हुए शिक्षक रोहन पांडेय, शिक्षा जगत में खुशी 04

एक समय खुद को बेहद अकेला महसूस करने लगी थीं मालविका 07

संक्षिप्त समाचार

सात सांसद तो झांकी हैं असल 'खेला' बाकी है

● पंजाब के लिए बीजेपी ने फरवरी में ही बिछा दी थी बिसात

नई दिल्ली (एजेंसी)। राघव चड्ढा समेत आम आदमी पार्टी के 7 राज्यसभा सांसदों ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। इन सांसदों का बीजेपी में शामिल होना कोई हैरानी की बात नहीं है, क्योंकि पिछले कुछ महीनों से ऐसा माहौल साफ दिखाई दे रहा था कि ये सभी सांसद कुछ ऐसा कदम उठा सकते हैं। पार्टी में शामिल कराने के लिए बीजेपी को सिर्फ समय तय करना था। शुक्रवार को जब राघव चड्ढा, संदीप पाठक और अशोक मित्तल ने कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया, तो वहां पर बीजेपी नेताओं की मौजूदगी से

तभी स्पष्ट हो गया था कि यह कदम सोच-समझकर लंबी रणनीति के तहत उठाया गया है। अगले साल 2027 की शुरुआत में पंजाब में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं और बीजेपी अपने दम पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। चुनाव से पहले राघव चड्ढा, संदीप पाठक, हरभजन सिंह समेत आम आदमी पार्टी के इन राज्यसभा सांसदों को पार्टी में शामिल कराना बीजेपी की रणनीति का हिस्सा है। सूत्रों के अनुसार, राघव चड्ढा और संदीप पाठक 2022 के पंजाब विधानसभा चुनावों में एएपी की जीत के प्रमुख सूत्रधार थे और दोनों कई महीनों से बीजेपी के संपर्क में थे। बीजेपी पंजाब में विभिन्न मतदाता समूहों के बीच अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए काम कर रही है और उसी के अनुसार, नेताओं को पार्टी में शामिल कर रही है।

मणिपुर में नागा-कुकी झड़पों में 3 लोगों की मौत

● दोनों पक्ष एक-दूसरे पर लगा रहे हमले के आरोप

नई दिल्ली (एजेंसी)। मणिपुर के उखरुल जिले में शुक्रवार तड़के नागा और कुकी-जो समुदायों के सशस्त्र समूहों के बीच दो अलग-अलग गोलीबारी की घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई और कम से कम पांच लोग घायल हुए। मरने वालों में एक तांगखुल नागा और दो कुकी-जो समुदाय के व्यक्ति शामिल हैं। दोनों समुदाय एक-दूसरे पर हमला शुरू करने का आरोप लगा रहे हैं। तांगखुल नागा लॉन्ग (टीएनएल) के अनुसार, 29 वर्षीय होर्शोकमी जमंग नामक नागा ग्राम रक्षक को सशस्त्र कुकी उग्रवादियों ने घात लगाकर मार डाला। जमंग सिनाकेइथेई गांव के पास गश्त

पर थे। इस घटना में चार अन्य नागा स्वयंसेवक भी गंभीर रूप से घायल हुए। सुरक्षा बलों ने दो कुकी-जो युवकों के शव बरामद किए। मृतकों की पहचान पाओमिनलुन हाओलाई (19 वर्ष) और लेटलाल सिटलहो (43 वर्ष) के रूप में हुई। कुकी संगठनों ने दावा किया कि तांगखुल नागा उग्रवादियों ने मुल्लम और शोंगफाल गांवों पर तड़के करीब 5.30 बजे हमला किया, जिसमें दो स्वयंसेवक मारे गए। कांगपोकपी जिले की बुंगी-इहान रक्षा समिति ने इसे कुकी गांवों पर हमला बताया। कुकी इनपी मणिपुर ने आरोप लगाया कि हमले में कई घर जलाए गए, महिलाएं और बच्चे समेत कई लोग घायल हुए तथा कई परिवार विस्थापित हो गए।

मुंबई-अहमदाबाद की तर्ज पर सूरत में चलेगी डबल डेकर

● वडोदरा में 100 फीसदी इलेक्ट्रिक बसों की डिलीवरी शुरू

अहमदाबाद (एजेंसी)। गुजरात की डायमंड सिटी सूरत में मुंबई और अहमदाबाद की तर्ज पर डबल डेकर बस चलेगी। शहर में ट्रायल रन डबल डेकर पहुंच भी गई है, लेकिन राज्य में स्थानीय निकाय चुनावों की आचार संहिता के चलते लोगों को इस बस के सफर के लिए इंतजार करना पड़ेगा। कुछ ऐसी ही स्थिति वडोदरा की है। वडोदरा में नगर निगम ने पीएम ई-बस सेवा के तहत 250 बसें चलाने का लक्ष्य रखा है।

पहले फेज की 40 बसों की बसों की डिलीवरी शुरू हो गई है, पहली सात शहर पहुंच गई हैं, लेकिन ये बसें अभी पूजा करने के बाद डिपो में खड़ी कर दी गई हैं। 100 फीसदी इलेक्ट्रिक बसों का संचालन स्थानीय निकाय चुनावों की प्रक्रिया पूरी होने और शहर में मेयर की नियुक्ति होने के बाद होने की उम्मीद की जा रही है। वडोदरा नगर निगम के कमिश्नर अरुण महेश बाबू के अनुसार बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू है, लेकिन इन बसों के रूट और टिकटिंग को लेकर निगम का कर रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव खत्म होने और पीएमओ से समय मिलते ही इन बसों का शुभारंभ हो जाएगा। गौरतलब हो कि 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स को देखते हुए जहां अहमदाबाद में नई सुविधाएं जोड़ी जा रही है तो वहीं दूसरी बुलेट ट्रेन के मैप पर आने वाले शहरों में सरकार की तरफ इंफ्रास्ट्रक्चर को पुश किया जा रहा है। अहमदाबाद, सूरत और वडोदरा तीनों शहरों में बुलेट ट्रेन के स्टेशन भी बन रहे हैं। इन्हें जोड़ने वाली सड़कों को वर्ल्ड क्लास बनाने की तैयारी है।

अभी दो शहरों में दौड़ती है डबल डेकर

डबल डेकर बस का नाम आते ही मन में मुंबई की छवि उभरती है, लेकिन अगर सूरत में डबल डेकर बस का संचालन होता है तो यह गुजरात का तीसरा शहर होगा। सूरत में पुराने वक्त पर डबल डेकर चलती थी। ऐसे में यह शहर के लिए डबल डेकर की घर वापसी जैसा है। अहमदाबाद में पहले से डबल डेकर बस चल रही है। इसके बाद पीएम मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट गांधीनगर के पास भी डेबल डेकर बस की कनेक्टिविटी है। सूरत गुजरात का तीसरा शहर बनेगा। सूरत में डबल डेकर बस को लेकर काफी रोमांच है। सूरत में अहमदाबाद की तर्ज पर बीआरटीएस भी है।

भागवत उवाच, भारत का विश्वगुरु बनना निश्चित है

● आरएसएस चीफ बोले-देश के भविष्य पर संदेह न करें ● कहा- राम मंदिर बनने को लेकर भी लोग शक करते थे

नागपुर (एजेंसी)। राष्ट्रीय स्वयं सेवक प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है कि भारत निश्चित रूप से विश्वगुरु बनेगा और इस पर किसी को संदेह नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक समय था, जब लोग अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर के निर्माण को लेकर संशय में रहते थे। इसे असंभव मानते थे। लेकिन आज वह मंदिर सबके सामने साक्षात खड़ा है। ठीक उसी प्रकार, भारत का विश्वगुरु के रूप में पुनरुत्थान भी पूरी तरह निश्चित है और इस यात्रा को रोका नहीं जा सकता। भागवत ने यह बात नागपुर में नेशनल कैंसर इंस्टीट्यूट परिसर में बनने वाले भारत दुर्गा शक्ति स्थल मंदिर के भूमि पूजन कार्यक्रम में कही। इस मौके पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज, स्वामी मित्रानंदजी महाराज, साध्वी ऋतंभरा और धीरेन्द्र शास्त्री सहित कई धार्मिक नेता भी मौजूद थे। आरएसएस चीफ ने कहा- देश के भविष्य को लेकर कोई संदेह न रखें और साहस व आत्मनिर्भरता के साथ जीवन जिएं। उनके मुताबिक, अगर लोग अपने संकल्प के अनुसार कदम-दर-कदम आगे बढ़ें, तो भारत मजबूत और सशक्त बनेगा।

पश्चिमी सोच को त्यागकर भारतीय परंपराओं से जुड़ें

आरएसएस प्रमुख ने नागरिकों से पश्चिमी सोच को त्यागने और विचार एवं व्यवहार में भारतीय परंपराओं से दोबार जुड़ने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन दैनिक जीवन में छोटे, लेकिन सार्थक बदलावों से शुरू होगा, जैसे कि भाषा, पहनावा, खान-पान की आदतें और सांस्कृतिक प्रथाएं। भारत को जानना, स्वीकार करना और दैनिक जीवन में जीना जरूरी है। इस बात पर जोर देते हुए कि आत्म-साक्षात्कार की ऐसी प्रक्रिया के माध्यम से ही एक मजबूत और आत्मविश्वासी भारत की परिकल्पना को साकार किया जा सकता है।

पश्चिमी चश्मे को उतार फेंकने की जरूरत

डॉक्टर भागवत ने कहा कि भारत को यदि वास्तव में समझना है, तो इसे इसकी अपनी सभ्यता और सनातन मूल्यों की दृष्टि से देखना होगा। उन्होंने कहा कि पिछले 150 वर्षों में विकसित हुई पश्चिमी सोच से भारत को नहीं समझा जा सकता। नागरिकों को इस विदेशी विचारधारा की परतों को उतार फेंकना होगा। यदि हम अपने संकल्प के अनुसार कदम दर कदम आगे बढ़ें, तो भारत मजबूत, सदाचारी और वैश्विक मार्गदर्शक बनेगा। भागवत ने कहा कि भारत को सही मायने में समझने के लिए, लोगों को पहले भारत को गहराई से समझना होगा और फिर उसे अपने जीवन में उतारना शुरू करना होगा।

अल नीनो की दस्तक से बदलेगा मौसम का 'मूड'

● मई-जून से झुलसाएगी गर्मी, बारिश पर पड़ेगा सीधा असर!

नई दिल्ली (एजेंसी)। मौसम के मिजाज में बड़ा बदलाव आने वाला है और इसके असर से भारत समेत पूरी दुनिया भीषण गर्मी से झुलस सकती है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन ने चेतावनी दी है कि अल नीनो इस बार तय समय से पहले,

मई से जुलाई के बीच ही विकसित हो सकता है। इसका सीधा असर तापमान और बारिश के पैटर्न पर पड़ेगा। पहले जहां इसके अगस्त-सितंबर में आने की संभावना जताई जा रही थी, अब इसके जल्दी दस्तक देने के संकेत ने मौसम वैज्ञानिकों की चिंता बढ़ा दी है। **मानसून पर खतरे की घंटी, कम बारिश के आसार-** अल नीनो की आहट के साथ ही भारत में मानसून को लेकर अनिश्चितता गहराने लगी है। भारतीय मौसम विभाग पहले ही सामान्य से कम बारिश का अनुमान जता चुका है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर अल नीनो मजबूत हुआ, तो यह खेती, जल भंडारण पर गहरा असर डाल सकता है।

हर जगह पड़ेगी गर्मी की मार

ताजा रिपोर्ट साफ संकेत दे रही है कि मई-जून-जुलाई के दौरान दुनिया भर में जमीन का तापमान सामान्य से ज्यादा रहेगा। इसका मतलब है कि भारत में भी भीषण हीटवेव का खतरा बढ़ सकता है। इससे बिजली की मांग, पानी की खपत और स्वास्थ्य सेवाओं पर दबाव बढ़ेगा। शहरों में 'हीट आइलैंड' प्रभाव और ज्यादा तीखा हो सकता है। चिंता की एक और बड़ी वजह हिमालयी क्षेत्र में बर्फ का तेजी से घटता स्तर है। हिंदूकुश में इस साल बर्फ की मौजूदगी सामान्य से 27.8 फीसदी कम दर्ज की गई है, जो 20 साल में सबसे कम है। यह स्थिति नदियों के प्रवाह को प्रभावित कर सकती है और जल सुरक्षा पर खतरा बन सकती है।

टीएमसी सरकार से मुक्ति का समय आ गया है

● योगी बोले-4 मई के बाद बंगाल में टीएमसी के गुंडों को कहीं छुपने की जगह नहीं मिलने वाली है

लखनऊ/कोलकाता (एजेंसी)। टीएमसी ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) का विरोध किया। इस अधिनियम से पाकिस्तान और बांग्लादेश से परेशान होकर आए हिंदू, बौद्ध और जैनों को भारत की नागरिकता मिलेगी, लेकिन ममता दीदी को बुरा लगता है कि अगर हिंदू ज्यादा होंगे तो सड़क पर इफ्तारी कैसे होगी। यूपी में कोई सड़क पर इफ्तार पार्टी नहीं कर सकता, नमाज भी नहीं पढ़ सकता। मस्जिद से कोई आवाज भी नहीं आती। टीएमसी सरकार से मुक्ति का समय आ गया है। 4 मई को जब रिजल्ट आएगा तो टीएमसी के गुंडों को कहीं छुपने की जगह नहीं मिलने वाली है।

सीएम योगी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल में चुनावी रैली में ये बातें कहीं। उन्होंने नदिया जिले की नवद्वीप और पूर्व वर्धमान जिले की कटवा सीट पर चुनाव प्रचार किया। इसके बाद उत्तर 24 परगना जिले में जनसभा को संबोधित करेंगे।

'ममता को बंगाल में जय श्रीराम बोलने से परेशानी'- सीएम योगी ने कहा- बंगाल विभाजन के समय वंदे मातरम् हर बंगाली का हथियार बना था, लेकिन ममता दीदी को इन सबसे चिढ़ है। बंगाल में जय श्रीराम बोलने से उन्हें परेशानी होती है। कोलकाता हाईकोर्ट को आदेश देना पड़ा था कि जो लोग दुर्गा पूजा में अव्यवस्था फैला रहे हैं, उन्हें रोका जाए। उन्होंने कहा- बंगाल में माफिया राज की प्रतीक बनी यह सरकार कुछ सुनने को तैयार नहीं है।

'यूपी में न कर्फ्यू है, न दंगा है, यूपी में सब चंगा है'

सीएम ने कहा- कभी भारत की अर्थव्यवस्था में बंगाल का सबसे ज्यादा योगदान था। बेटियां और बहनें सुरक्षित हुआ करती थीं, लेकिन अब गुंडा टैक्स वसूला जा रहा है।

कैटल माफिया, सैंड माफिया और लैंड माफिया बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा- 2017 तक यूपी में भी यही स्थिति थी। व्यापारी पलायन कर रहे थे, लव जिहाद और लैंड जिहाद की घटनाएं बढ़ती जा रही थीं। जय श्रीराम बोलने पर लाठी और गोली चलती थी। आज यूपी में डबल इंजन सरकार है। आज यूपी में न कर्फ्यू है, न दंगा है, यूपी में सब चंगा है।

बंगाल के सामने पहचान का संकट

योगी ने कहा- जिस बंगाल ने भारत को पहचान दी, आज उसी के सामने पहचान का संकट है। टीएमसी की सरकार 15 सालों में माफिया राज, आतंक और भ्रष्टाचार का प्रतीक बन चुकी है। उसके गुंडे सरेआम घूम रहे हैं। सीएम ने कहा कि दो दिन पहले पहले चरण की वोटिंग में लोगों ने रिकॉर्ड मतदान किया। अभी से जो बातें सुनाई दे रही हैं, जो नजारे दिखाई दे रहे हैं। 4 मई को जब नतीजे आएंगे, तब चारों ओर भगवा झंडा लहराता दिखेगा।

'यूपी का बुलडोजर माफिया को मिट्टी में मिला देता है'- योगी ने कहा- अयोध्या में भगवान राम की जन्मस्थली पर भव्य मंदिर बन चुका है। कांग्रेस, कम्युनिस्ट और टीएमसी रोक नहीं पाए। यूपी में अब रोपवे बन रहे हैं।

रिफाइनरी में आग, 'साइबर अटैक' की है प्रबल आशंका

● ऑटोमेटिक कंट्रोल यूनिट्स हाईजैक तो नहीं हुए होगी जांच ● आसपास रहने वालों का पुलिस ने शुरू किया वेरिफिकेशन

बाड़मेर (एजेंसी)। देश की सबसे आधुनिक और हाईटेक बालोतरा की पचपदरा रिफाइनरी में 20 अप्रैल को लगी आग के बाद

सुरक्षा एजेंसियां ऐक्टिव हैं। इस हादसे को साइबर अटैक से भी जोड़कर देखा जा रहा है। जांच एजेंसियां इस एंगल पर भी जांच को आगे बढ़ा रही हैं। आशंका जताई जा रही है कि हादसे के वक्त रिफाइनरी के ऑटोमेटिक कंट्रोल यूनिट्स को बाहर से हाईजैक कर लिया गया होगा। सुरक्षा एजेंसियां अब रिफाइनरी के डिजिटल लॉग्स और डेटा को खंगाल रही हैं। एक्सपर्ट्स यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या किसी बाहरी आईपी एड्रेस ने सिस्टम में सेंध लगाने की कोशिश तो नहीं की थी। उधर, आसपास के इलाके में रहने वाले लोगों का पुलिस वेरिफिकेशन भी किया जा रहा है। रिफाइनरी में आग पीएम के दौरे से पहले लगी।

● पास वाली दुकानें हट सकती हैं, सुरक्षा घेरा बढ़ा- हादसे के बाद सुरक्षा एजेंसियां और बालोतरा पुलिस पूरी तरह ऐक्टिव मोड में है। सूत्रों के मुताबिक, रिफाइनरी के 1 किलोमीटर के दायरे में आने वाली दुकानों और कमर्शियल संस्थानों को सुरक्षा कारणों से हटाया जा सकता है। दावा है कि यहां दिनभर भीड़ रहती है, जो सुरक्षा के लिहाज से बड़ा खतरा है।

केसीआर की बेटी के कविता ने बना ली अपनी नई पार्टी

भाई से विवाद के बाद बनाई टीआरएस, लड़ेंगी चुनाव

हैदराबाद (एजेंसी)। तेलंगाना जागृति संगठन की अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी के. कविता ने शनिवार को तेलंगाना राष्ट्र सेना (टीआरएस) नामक नए राजनीतिक दल की शुरुआत की। बता दें कि केसीआर की पार्टी के नाम का शॉर्ट फॉर्म भी टीआरएस यानी तेलंगाना राष्ट्र समिति था। कुछ साल पहले इसे भारत राष्ट्र समिति कर दिया गया। कविता ने हैदराबाद के बाहरी इलाके में आयोजित एक कार्यक्रम में अपनी पार्टी के नाम की घोषणा की। सितंबर 2025 में कविता को बीआरएस से तब निलंबित कर दिया गया था जब उन्होंने अपने चचेरे भाई एवं पार्टी नेता टी. हरीश राव तथा रिश्तेदार जे. संतोष कुमार पर बीआरएस के शासन के दौरान निर्मित कालेश्वरम लिफ्ट सिंचाई परियोजना को लेकर अपने पिता और बीआरएस अध्यक्ष के. चंद्रशेखर राव की छवि को खराब करने का आरोप लगाया था। निलंबन के बाद से वह तेलंगाना जागृति नामक अपने नेतृत्व वाले सांस्कृतिक संगठन के बैनर तले सार्वजनिक मुद्दों पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं। उनके पिता के नेतृत्व वाली भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) का मूल नाम तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) था।

● नशे के खिलाफ श्रीनगर पुलिस का महा अभियान

तस्करों की 3.5 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त, आतंकवाद की टूट रही कमर

श्रीनगर (एजेंसी)। जम्मू कश्मीर की श्रीनगर पुलिस ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने नशीली दवाओं के खिलाफ तेज कार्रवाई में एक ड्रग तस्कर से संबंधित 3.5 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त कर ली। पुलिस के एक बयान में कहा गया है कि मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ श्रीनगर पुलिस अपनी कार्रवाई को जारी रखे हुए है। राज्य में चल रहे नशा मुक्त अभियान के तहत श्रीनगर पुलिस ने मादक पदार्थों के तस्करों से संबंधित 3.5 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियों को जब्त कर लिया है। एनडीपीएस अधिनियम की धारा 68-एफ के प्रावधानों के तहत कार्रवाई करते हुए संगम पुलिस स्टेशन ने एनडीपीएस अधिनियम की धारा 8/20 और 29 के तहत एफआईआर संख्या 56/2025 में शामिल आरोपियों से जुड़ी दो अचल संपत्तियों को जब्त कर लिया। जब्त की गई संपत्तियों के विवरण में आरोपी शकील अहमद गनी की कनाल की जमीन शामिल है।

आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेगा यह आंदोलन- जम्मू और कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शनिवार को सांबा में आयोजित नशा-विरोधी अभियान में भाग लिया। उन्होंने एक पोस्ट में कहा कि आज सांबा में भारी जनसमूह ने नशामुक्त जम्मू-कश्मीर अभियान में भाग लिया और समाज से नशा मिटाने का संकल्प लिया। सभा को संबोधित करते हुए मैंने दोहराया कि यह 100 दिवसीय आंदोलन आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेगा और इस बात का प्रमाण होगा कि जब लोग एकजुट होते हैं, तो वे इतिहास बदल सकते हैं।

संक्षिप्त समाचार

'अगले महीने शादी थी, बॉयफ्रेंड ने गोली मार दी' :गर्लफ्रेंड बोली- मेरे सामने खुद को किया शूट

हाजीपुर। 'पंकज शाम 7 बजे मेरे घर आया। मेरी शादी के लिए रखे 4 लाख रुपए मुझसे मांगने लगा। जब मैंने पैसे देने से इनकार किया, तो पंकज ने मुझपर गोली चला दी। पहली गोली मेरी बांह के पास से निकल गई, जिससे मैं बच गई। इसके बाद पंकज ने दूसरी गोली चलाई, जो मेरी पीठ में लग गई। गोली लगते ही मैं बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ी। इसके बाद क्या हुआ, मुझे पता नहीं है।' ये कहना है वैशाली में प्रेमी की फायरिंग से घायल हुई गंगा कुमारी का, जिसका जिले के सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। फिलहाल, पुलिस ने युवती के बयान पर FIR दर्ज कर ली है। दरअसल, वैशाली में एक युवक ने घर में घुसकर पहले युवती को गोली मारी, फिर खुद को शूट कर लिया।

युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि युवती घायल है। मृतक की पहचान पंकज सहनी (24) के रूप में हुई है। दोनों के बीच कब से चल रहा था अफेयर? लड़के ने वारदात को क्यों और कैसे अंजाम दिया? गांववालों का क्या कहना है? पुलिस इसे हत्या या आत्महत्या क्या मान रही? पुलिस के अनुसार, भगवानपुर थाना क्षेत्र के इमादपुर गांव निवासी पंकज सहनी और गंगा कुमारी के बीच पिछले करीब 5 सालों से लव अफेयर चल रहा था। दोनों का घर एक-दूसरे से महज 300 मीटर की दूरी पर स्थित है। पंकज और गंगा की पहली मुलाकात फेसबुक पर हुई थी। वहीं दोनों के बीच मैसेज के जरिए बातचीत शुरू हुई। शुरुआत सामान्य बातचीत से हुई, लेकिन धीरे-धीरे दोनों एक-दूसरे के करीब आते गए। कुछ समय बाद दोनों ने एक-दूसरे का मोबाइल नंबर एक्सचेंज किया, जिसके बाद फोन पर घंटों बातचीत होने लगी। रात में देर तक बातें करना और दिनभर मैसेज के जरिए संपर्क में रहना उनकी लाइफस्टाइल का हिस्सा बन गया था। पुलिस की जांच में सामने आया, शुरुआती 2 सालों तक दोनों का रिश्ता बिना किसी विवाद के चलता रहा। दोनों परिवारों को इसकी भनक नहीं थी, इसलिए वे आसानी से संपर्क में रहते थे। जब परिवार वालों को इस रिश्ते की जानकारी मिली तो उन्होंने नाराजगी जाहिर की। दोनों को एक-दूसरे से मिलने से मना किया। इसके बाद भी पंकज उससे बात करता था। कई बार जबरन वो लड़की के घर में घुसने की कोशिश करता था। इस बात को लेकर बड़ा विवाद हुआ था। लड़की के पिता ने पंकज को पकड़कर फटकार भी लगाई थी। हालांकि, गांववालों का तो ये भी कहना है कि उस दिन लड़के की पिटाई भी की गई थी। इस बात से वो काफी खुन्नस रखता था। लड़की के पिता को धमकी भी दी थी।

उधना से दानापुर, जयनगर के लिए चलेगी स्पेशल ट्रेनें, उधना-जयनगर का 26 अप्रैल से परिचालन शुरू

हाजीपुर। रेलवे ने यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए उधना से दानापुर और जयनगर के लिए विशेष अनारक्षित ट्रेनों के परिचालन का निर्णय लिया है। ये ट्रेनें 26 और 27 अप्रैल, 2026 को चलाई जाएंगी। गाड़ी संख्या 09007 उधना-दानापुर अनारक्षित स्पेशल ट्रेन 26 अप्रैल, 2026 (रविवार) को उधना से देर रात 01:30 बजे रवाना होगी। यह सोमवार को सुबह 07:54 बजे डीडीयू, 09:24 बजे बक्सर और 10:31 बजे आरा होते हुए दोपहर 12:00 बजे दानापुर पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 09008 दानापुर-उधना स्पेशल 27 अप्रैल, 2026 (सोमवार) को दानापुर से दोपहर 03:00 बजे चलेगी। यह आरा में 03:50 बजे और डीडीयू में 06:39 बजे रुकते हुए बुधवार को देर रात 01:15 बजे उधना पहुंचेगी। इसी तरह, गाड़ी संख्या 09021 उधना-दानापुर अनारक्षित स्पेशल 26 अप्रैल, 2026 (रविवार) को उधना से दोपहर 02:30 बजे प्रस्थान करेगी। यह सोमवार को रात 08:54 बजे डीडीयू, 10:24 बजे बक्सर और 11:31 बजे आरा पहुंचेगी, और मंगलवार को देर रात 01:00 बजे दानापुर पहुंचेगी। इसकी वापसी यात्रा में, गाड़ी संख्या 09022 दानापुर-उधना स्पेशल 27 अप्रैल, 2026 (सोमवार) को दानापुर से सुबह 04:00 बजे रवाना होगी। यह आरा में 04:50 बजे और डीडीयू में 07:39 बजे रुकते हुए बुधवार को दोपहर 02:15 बजे उधना पहुंचेगी। तीसरी विशेष ट्रेन, गाड़ी संख्या 09003 उधना-जयनगर अनारक्षित स्पेशल, 26 अप्रैल, 2026 (रविवार) को उधना से देर रात 12:30 बजे चलेगी। यह सोमवार को सुबह 06:54 बजे डीडीयू, 11:03 बजे पाटलिपुत्र, 12:40 बजे हाजीपुर, दोपहर 03:47 बजे समस्तीपुर, शाम 05:17 बजे दरभंगा और 06:54 बजे मधुबनी होते हुए रात 08:00 बजे जयनगर पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 09004 जयनगर-उधना स्पेशल 27 अप्रैल, 2026 (सोमवार) को जयनगर से रात 11:00 बजे प्रस्थान करेगी। यह मंगलवार को देर रात 01:02 बजे दरभंगा, 02:02 बजे समस्तीपुर, 04:32 बजे हाजीपुर, 06:02 बजे पाटलिपुत्र और 09:51 बजे डीडीयू रुकते हुए बुधवार को शाम 04:30 बजे उधना पहुंचेगी। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने यह जानकारी दी।

मुजफ्फरपुर में 75 साल के बुजुर्ग की मौत, पत्नी को डायन बताकर घर में घुसकर मारपीट का आरोप

मुजफ्फरपुर। मुजफ्फरपुर के फकुली थाना क्षेत्र के फतेहपुर में आज 75 साल के बुजुर्ग की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान मो. हबीब के रूप में हुई है। परिजनों ने आरोप लगाया है कि कुछ लोग उनकी पत्नी पर डायन होने का आरोप लगाकर घर पर पहुंचे थे और इसी दौरान मारपीट व धक्का-मुक्की में बुजुर्ग की मौत हो गई। स्थानीय मो आलम ने बताया कि फ़ाकुली थाना के फतेहपुर गांव निवासी मो हबीब के घर में 4-5 लोग लाठी डंडे लेकर घुसे थे। उनकी पत्नी डायन है, इसी विवाद के दौरान धक्का मुक्की में हबीब की गिरने से मौत हो गई। हबीब के बच्चे हैं। तीनों गांव में मजदूरी करते है। घटना के बाद लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। एसडीपीओ पश्चिमी-2 अनिमेश चंद्र ज्ञानी ने बताया कि फकुली थाना अंतर्गत फतेहपुर कस्तूरी गांव में मो. हबीब की मृत्यु हो गई। आज सुबह उसी गांव के तीन-चार लोगों द्वारा उनकी पत्नी पर डायन का आरोप लगाकर गाली गलौज की गई। इससे मना करने पर आरोपियों ने मो. हबीब को धक्का दे दिया जिससे वह गिर गए। मृतक दिल के मरीज थे, अभी कुछ दिन पहले उनके पोते की मृत्यु हो गई थी, जिससे वे सदमे में थे। मामले में केस दर्ज कर लिया गया है। इसमें जो भी आरोपित है उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए SKMCH भेज दिया गया।

चलती ट्रेन में छिनतई करने वाला बदमाश अरेस्ट, मुजफ्फरपुर में ट्रेन से कूदकर भाग रहा शातिर पकड़ाया

मुजफ्फरपुर। मुजफ्फरपुर में ब्रह्मपुरा थाना क्षेत्र में चलती ट्रेन में यात्रियों को निशाना बनाकर मोबाइल छिनतई करने वाले गिरोह के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। एसडीपीओ टाउन टू विनीता सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 24 अप्रैल 2026 को हुई मोबाइल छिनतई की घटना के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सूरज कुमार (पिता संतोष शाह) के रूप में हुई है, जो मूल रूप से मोतिहारी के कल्याणपुर का रहने वाला है और हाल के दिनों में ब्रह्मपुरा थाना क्षेत्र के झिटकिहिया में किराए के मकान में रह रहा था। उसे संजय सिनेमा रोड के पास चेकिंग के दौरान संदिग्ध स्थिति में पकड़ा गया। तलाशी के दौरान उसके पास से चोरी की बाइक और मोबाइल बरामद किया गया। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी और उसके साथी बेहद सुनियोजित तरीके से अपराध को अंजाम देते थे। यह गिरोह ट्रेन में सवार होकर यात्रियों को निशाना बनाता था। जैसे ही ट्रेन धीमी होती, वे यात्रियों का ध्यान भटकाकर उनका मोबाइल छीन लेते और तुरंत चलती ट्रेन से कूद जाते थे। ट्रेन से कूदने के बाद उनके साथी पहले से ही बाइक लेकर आसपास मौजूद रहते थे, जिससे आरोपी तेजी से फरार हो जाते थे। इसी तरीके से 24 अप्रैल को भी एक यात्री से मोबाइल छीनकर आरोपी फरार हुए थे। घटना के बाद पुलिस द्वारा चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान के दौरान आरोपी को रोका गया। पूछताछ में उसने पूरे मामले का खुलासा कर दिया। पुलिस अब आरोपी के आपराधिक इतिहास की जांच कर रही है और उसके अन्य साथियों की तलाश में जुटी है।

पटना में स्टूडेंट लॉज के पास युवक की हत्या, शव बरामद

एजेंसी, पटना

पटना के बहादुरपुर थाना क्षेत्र स्थित महावीर कॉलोनी के स्टूडेंट हब लॉज के पास शनिवार को एक युवक का शव बरामद हुआ है। युवक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

कमरे से लेकर सड़क तक खून के निशानः सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। घटनास्थल पर फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) की टीम ने भी जांच की। पुलिस को लॉज के कमरे से लेकर शव मिलने वाली जगह तक खून के कई निशान मिले हैं, जिससे यह मामला प्रथम दृष्टया हत्या का प्रतीत हो रहा है।

दो युवक लॉज में आए, एक की मिली लाशः पटना सिटी पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी 1 राज किशोर सिंह ने बताया कि, आसपास के लोगों से पूछताछ में सामने आया है कि मृतक युवक एक अन्य युवक के साथ लॉज में आया था। पुलिस को आशंका है कि उसी दूसरे युवक ने हत्या की है। दूसरा युवक फिलहाल फरार है और उसकी तलाश की जा रही है।

कमरे से लेकर सड़क तक खून के निशान, फरार दोस्त पर हत्या का शक

धारदार हथियार से पीटकर हत्या की आशंकाः बहादुरपुर थाना प्रभारी शुभम कुमार के अनुसार, शव खून से लथपथ था और ऐसा प्रतीत होता है कि धारदार हथियार से पीटकर उसकी हत्या की गई है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि मृतक युवक लॉज में कितने समय से रह रहा था। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पूरे मामले का खुलासा हो पाएगा। संदिग्ध युवक की गिरफ्तारी के बाद ही हत्या के पीछे का मकसद स्पष्ट हो सकेगा।

सोनू सूद ने अनंत सिंह को मुंबई बुलाया, विधायक बोले-आवेंगे

एजेंसी, पटना

❐ वीडियो कॉल पर बाहुबली से बात, एक्टर ने कहा- मैं भी आऊंगा आपके घर लिट्टी-चोखा खाने

बॉलीवुड एक्टर सोनू सूद ने मोकामा के बाहुबली विधायक अनंत सिंह से वीडियो कॉल पर बात की। सोनू सूद ने अनंत सिंह को मुंबई आने का न्योता दिया। जिस पर बाहुबली ने अपने अंदाज में कहा- आवेंगे। दोनों की बातचीत का एक क्लिप सोशल मीडिया पर शेयर हो रहा है। बता दें कि एक्टर सोनू सूद अनंत सिंह के फैन हैं, उनके बोलने के अंदाज के वो कायल हैं और पहले भी बाहुबली की तारीफ कर चुके हैं। सोनू सूद ने पहले ही कहा था, अनंत सिंह का व्यक्तित्व उन्हें बेहद इंट्रेस्टिंग लगता है और उनके कैरेक्टर से वह अपनी फिल्म के लिए प्रेरित भी हुए हैं। वीडियो कॉल के क्लिप में सोनू सूद अनंत सिंह से कहते नजर आते हैं, "मुंबई आइए न हमारे पास।" इस पर अनंत सिंह जवाब देते हैं, " आवेंगे (आएंगे)।" बातचीत के दौरान सोनू सूद आगे कहते हैं, "मैं भी आऊंगा आपके पास, आपके घर आऊंगा। आपके घर पर लिट्टी-चोखा खाने आऊंगा।" इस पर अनंत सिंह भी मुस्कुराते हुए उन्हें आने का न्योता देते हैं। दोनों के बीच हुई यह बातचीत सोशल मीडिया पर काफी शेयर हो रही है।

यह पहली बार नहीं है, जब सोनू सूद ने अनंत सिंह को लेकर अपनी दिलचस्पी जाहिर की हो। अनंत को चाहने वालों की कतार में अब बॉलीवुड एक्टर सोनू सूद का नाम पहले से जुड़ा हुआ है। दो महीने पहले एक पोडकास्ट में उन्होंने कहा था कि बिहार के मोकामा विधायक अनंत सिंह का व्यक्तित्व उन्हें बेहद दिलचस्प लगता है।

बीपीएससी मेंस एग्जाम, दूसरी पाली की परीक्षा जारी

एजेंसी, पटना

♦ पटना में 22 केंद्रों पर 13 हजार से अधिक अभ्यर्थी देंगे परीक्षा, 1298 पदों पर होगी भर्ती

बिहार लोक सेवा आयोग (BPSC) द्वारा आयोजित एकीकृत 71वीं संयुक्त मुख्य (लिखित) प्रतियोगिता परीक्षा शनिवार से शुरू हो गई है। यह परीक्षा 25 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक पटना के 22 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जा रही है, जिसमें कुल 13,024 अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं। पहली पाली की परीक्षा के बाद अभी 2 बजे से दूसरी पाली की परीक्षा जारी है। इस परीक्षा के माध्यम से बिहार प्रशासनिक सेवा, बिहार पुलिस सेवा समेत कुल 1298 पदों पर नियुक्ति की जाएगी।

22 परीक्षा केंद्रों पर कड़े सुरक्षा इंतजामः आयोग ने परीक्षा को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त कराने के लिए आयोग और जिला प्रशासन द्वारा सख्त व्यवस्था की गई है। सभी 22 परीक्षा केंद्रों पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। निगरानी के लिए विशेष टीम के साथ ही सीसीटीवी कैमरे, जैमर और अन्य तकनीकी साधनों का उपयोग किया जा रहा है। ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पर नजर रखी जा सके। परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की कड़ाई से जांच की जा रही है। प्रवेश पत्र और पहचान पत्र की जांच के बाद ही अभ्यर्थियों को अंदर जाने की अनुमति दी जा रही है। इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स, मोबाइल फोन और अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं को पूरी तरह प्रतिबंधित रखा गया है। प्रशासन भी लगातार मॉनिटरिंग कर रहा है, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता न हो।

बच्ची की हत्या के 2 दिन बाद उसकी चप्पल बरामद खून से सने कपड़े भी मिले, हत्यारा गिरफ्तार

एजेंसी, पटना

❐ 4 संदिग्धों से भी हो रही पूछताछ

पटना में छठी कक्षा की एक छात्रा का अपहरण हुआ था, जिसके बाद उसकी हत्या कर दी गई थी। बच्ची का शव उसके घर से करीब 500 मीटर दूर एक गली में कंबल में लिपटा हुआ मिला। मामला बाईपास थाना क्षेत्र का है। मृतका रोशनी कुमारी (10) है। जो बुधवार सुबह से लापता थी। पुलिस जांच कर रही है, लेकिन 48 घंटे बीत जाने के बाद भी हत्या कारण पता नहीं है।

वारदात के दो दिन बाद शनिवार को पुलिस के हाथ बड़ा सुराग लगा है। पुलिस को जहां शव मिला था, वहां से करीब 200 मीटर दूर कचरे में बच्ची की चप्पल, खून से सना फुल पैंट, रुमाल और चादर बरामद किया है। इसके अलावा जहां चप्पल मिली वहां से 50 मीटर दूर पुलिस ने हत्यारे को भी गिरफ्तार किया है। वो एक घर में छिपा हुआ था। पुलिस 4 संदिग्धों को भी हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। रविवार को पटना के वरीय आरक्षी अधीक्षक पीसी कर मामले का खुलासा कर सकते हैं। वहीं, शुक्रवार शाम पटना सिटी में सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कैंडल जुलूस निकालकर अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने और कड़ी सजा दिलाने की मांग की थी।

अपहरण के दिन ही हत्या की आशंकाः पुलिस का मानना है कि बच्ची का अपहरण 22 तारीख को हुआ और उसी दिन उसकी हत्या कर दी गई। आशंका है कि अपराधी शव को कहीं और ठिकाने लगाने की फिराक में थे, लेकिन पुलिस की सक्रियता के कारण जल्दबाजी में शव को गली में फेंककर फरार हो गए। पुलिस को आशंका है कि इस वारदात के तार आसपास के लोगों से जुड़े हो सकते हैं। फिलहाल हिरासत में लिए गए युवकों से पूछताछ जारी है और पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है।

गुस्साए परिजन और स्थानीय लोग सड़क पर उतरेः शव मिलने के बाद गुस्साए परिजनों और स्थानीय लोगों में पटना-फतुहा सड़क जाम कर दिया था और टायर जलाकर हंगामा करने लगे थे। प्रदर्शनकारियों ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। वहीं, शुक्रवार शाम पटना सिटी में सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कैंडल जुलूस निकालकर अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने और कड़ी सजा दिलाने की मांग की थी। पुलिस अब उस कंबल के मालिक की तलाश कर रही है, जिससे शव लिपटा मिला था। साथ ही उस दूध के केन का भी पता लगा रही है, जिसे लेकर रोशनी दूध देने निकली थी।

पप्पू यादव के विवादित बयान पर महिला पहुंची थाने, कहा-वे मानसिक रोग से ग्रसित, माफी मांगे

एजेंसी, पटना

पूर्णिया सांसद पप्पू यादव के विवादित बयान को लेकर बवाल थमता नहीं दिख रहा है। अब इस मामले में एक महिला ने उनके खिलाफ FIR दर्ज कराने की मांग की है। बेगूसराय के तेघड़ा निवासी रीना कुमारी चौधरी ने पटना के शास्त्रीनगर थाना पहुंचकर लिखित आवेदन दिया है।

महिलाओं से माफी मांगें पप्पू यादव- रीना कुमारी चौधरीः बेगूसराय के तेघड़ा निवासी रीना कुमारी चौधरी ने कहा कि, 'शीशे के घर में रहने वाले दूसरे के मकान पर पत्थर नहीं फेंकते। पप्पू यादव मानसिक रोग से ग्रसित हैं और उनका इलाज होना चाहिए। भरे मंच से उन्हें पूरे देश से माफी मांगना होगा। अगर हम महिलाएं लक्ष्मी-सरस्वती हैं तो दुर्गा और चंडी भी हैं। पुलिस ने हमें तुरंत कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

पप्पू यादव ने अपमानजनक, अश्लील टिप्पणियां की- रीना कुमारीः रीना कुमारी ने आवेदन में लिखा कि, मैं वर्तमान सांसद पप्पू यादव के महिलाओं के विरुद्ध दिए गए बयान से आहत होते हुए उनके विरुद्ध FIR दर्ज कराना चाहती हूं। पप्पू यादव ने महिला राजनीतिक नेताओं को निशाना बनाते हुए बेहद अपमानजनक, अश्लील और मानहानिकारक टिप्पणियां की। इन बयानों का वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर व्यापक रूप से प्रसारित हुआ है।

पप्पू यादव ने अन्य बातों के अलावा सार्वजनिक रूप से कहा कि '90 प्रतिशत महिलाएं राजनेताओं के कमरे में गए बिना राजनीति में प्रवेश नहीं कर सकती हैं'। आगे यह घृणित आरोप लगाया कि राजनीति में काम करने वाली महिलाएं स्थापित पुरुष नेताओं के साथ "बिस्तर साझा करने" के बाद ही राजनीतिक प्रवेश और सफलता प्राप्त करती हैं। इसके अलावा, जब उनके इन बयानों के बारे में उनसे प्रश्न किया गया, तो उन्होंने इन महिला-विरोधी दावों को सही ठहराने का प्रयास किया।

महिलाओं के चरित्र, आत्मसम्मान और गरिमा पर सीधा हमला - शिकायकर्ताः रीना कुमारी ने आगे कहा कि, 'यह निराधार और घृणित बयान राजनीतिक और सार्वजनिक क्षेत्र में भाग लेने वाली सभी महिलाओं के चरित्र, आत्मसम्मान और सामाजिक गरिमा पर सीधा हमला हैं।' उन्होंने आगे कहा कि, 'स्वयं के बल पर सफल होने वाली महिलाओं की सफलता को यौन शोषण और चरित्र से जोड़कर उन्होंने न केवल महिलाओं की गरिमा का अपमान किया है, बल्कि देश सेवा करने की आकांक्षा रखने वाली महिलाओं के लिए एक शत्रुतापूर्ण और निराशाजनक माहौल बनाने का भी प्रयास किया है।'

रीना कुमारी ने कहा कि, 'उनका यह बयान न केवल आम महिलाओं के लिए और असम्मानजनक और अमर्यादित है बल्कि यह महामहिम राष्ट्रपति के लिए भी घोर अमर्यादित और आपत्तिजनक है।' इस घटना से उत्पन्न भारी आक्रोश के मद्देनजर, मेरा आपसे विनम्र निवेदन है कि भारतीय न्याय संहिता के धारा 79, 352, 353(1), 353(2), 356 और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के धारा 67 के तहत राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करते हुए इस मामले की त्वरित और निष्पक्ष जांच शुरू करें।

भोज खाने गया बच्चा का गला रेतकर हत्या, सुबह गमालबीघा गांव में मिली बॉडी

एजेंसी, पटना

❐ फूफा बोले- मोबाइल चार्जर में लगाकर घर से निकला था

राजधानी पटना से करीब 35 किलोमीटर दूर खुसरूपुर थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह एक 15 वर्षीय बच्चे की गला रेतकर हत्या कर दी गई। जगमालबीघा गांव में बच्चे का शव क्षत-विक्षत हालात में मिला। यह पूरी घटना कटौना गांव की है। शव मिलने की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए और स्थिति को देखते हुए पुलिस को सूचना दी गई।

मृतक नाबालिग की पहचान कटौना गांव के रहने वाले नीतीश पासवान के बेटे अंकित कुमार (15 वर्ष) के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, कुछ अज्ञात अपराधियों ने अंकित का गला इतनी बेरहमी से रेता कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सुबह जब गांव के लोग जगमालबीघा गांव के पास से गुजर रहे थे, तो उन्होंने अंकित का शव देखा। शव देखते ही पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर जमा हो गए। हर कोई इस घटना से स्तब्ध था और यह सोचने पर मजबूर था कि आखिर एक छोटे से बच्चे के साथ इतनी क्रूरता क्यों की गई। अंकित के परिवार वालों ने बताया कि शुक्रवार की शाम अंकित गांव में ही आयोजित एक भोज में शामिल होने के लिए घर से निकला था। उस समय बिल्कुल खुश और सामान्य दिख रहा था। किसी को अंदाजा भी नहीं था कि यह उसकी आखिरी शाम होगी। जब देर रात तक अंकित घर नहीं लौटा, तो परिवार को चिंता होने लगी।

त्रिवेणी संयोग में मनाई जा रही जानकी नवमी, पटना के महावीर मंदिर में विशेष पूजा

एजेंसी, पटना

माता सीता के प्राकट्य दिवस के रूप में मनाई जाने वाली जानकी नवमी पर राजधानी पटना के महावीर मंदिर में भक्ति का माहौल देखने को मिल रहा है। इस बार जानकी नवमी पर अश्लेषा नक्षत्र, रवियोग और सिद्धयोग का दुर्लभ संयोग बनने से दिन का धार्मिक महत्व और बढ़ गया है। मंदिर को खास तरीके से सजाया गया है और सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ दर्शन के लिए उमड़ रही है।

सुबह 8 बजे से शुरू हुई पूजा, अष्टयाम कीर्तन जारीः मंदिर में सुबह 8 बजे से माता जानकी की विशेष पूजा शुरू हुई। पूजन सम्पन्न होने के बाद 24 घंटे का 'अष्टयाम कीर्तन' प्रारंभ कर दिया गया है। इस दौरान माता जानकी का विशेष श्रृंगार भी किया जाएगा।

महावीर मंदिर में प्राचीन परंपरा के अनुसार विशिष्ट पूजा पद्धति से माता जानकी का पूजन किया गया। यह पूजा का कार्यक्रम मंदिर के दक्षिण-पूर्व कोण पर स्थित राम-जानकी की प्रतिमा के समक्ष हुआ। पूजा के बाद हवन और आरती भी की गई। आज भक्त लाइन में लग कर माता जानकी के दर्शन कर सकते हैं। पंडित भवनाथ झा ने कहा कि, माता सीता के प्रकट होने के उपलक्ष्य में धर्मशास्त्रियों ने जानकी-नवमी मनाने का विधान किया है। इस दिन व्रत और जानकी की विशेष पूजा करना का विधान है।

प्रसिद्ध शिक्षाविद, पूर्व कुलपति डा. प्रेमा झा का गोवा में निधन

प्रतीक राजवीर

मोतिहारी/ पटना/ भागलपुर। तिलका मांझी विश्वविद्यालय, भागलपुर की पूर्व कुलपति डॉ. प्रेमा झा का गत सोमवार सुबह छह बजे निधन हो गया। वह गोवा में बेटी के पास थीं। वह लंबे समय से हृदय रोग से ग्रस्त थीं। वह टीएमबीयू की 49वीं और दूसरी महिला कुलपति थीं। उनका कार्यकाल 20 नवंबर 2006 से 20 नवंबर 2009 तक रहा था। वर्ष 2004 के बाद वे इस विश्वविद्यालय की पहली नियमित कुलपति थीं, जिन्होंने तीन साल का कार्यकाल पूरा किया था। उनका चंपारण की धरती से भी घनिष्ठ संबंध रहा। आपको बताते चले कि मोतिहारी निवासी,मगध विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो.(डॉ.) वीरेंद्र नाथ पांडेय और डॉ. झा की नियुक्ति कुलपति के तौर पर एक साथ ही थी और संयोग से बतौर प्राध्यापक इन दोनों की सेवानिवृत्ति भी बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर (पहले बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर) से वर्ष 2005 में ही हुई थी। इससे पूर्व डॉ. झा बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर में अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष के तौर पर कार्यरत थीं और दूसरी ओर, डॉ. पांडेय राजनीति शास्त्र के विश्वविद्यालय विभागाध्यक्ष के तौर पर अपनी सेवाएँ दे चुके थे। बतौर कुलपति डॉ. प्रेमा झा के हिस्से में, अपवादस्वरूप कुछ विवादों को छोड़ दें तो अनगिनत उपलब्धियाँ भी थीं। उनके समय में टीएमबीयू के निमंत्रण पर पहली बार बिहार के तत्कालीन राज्यपाल आरएस गवई तीन दिनों तक भागलपुर में रुके थे। कॅरियर एडवांसमेंट स्कीम में शिक्षकों के प्रमोशन की प्रक्रिया

डॉ. प्रेमा झा, पूर्व कुलपति, तिलका मांझी विश्वविद्यालय, भागलपुर।

उनके समय में शुरू हुई थी। अंतर विश्वविद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता 'एकलव्य' का आयोजन पहली बार उनके ही कार्यकाल में हुआ था। उन्होंने राज्य के सभी विश्वविद्यालयों के डीएसडब्ल्यू की बैठक तिलका मांझी विश्वविद्यालय के कैंपस में कराई थी। 1996 के बाद टीएमबीयू के कॉलेजों में नियमित प्राचार्यों की भी नियुक्ति इन्होने की थी और कुलपति के तौर पर दीक्षांत समारोह का आयोजन किया। वर्षों से विलंब चल रहे सत्र को दुरुस्त किया। कक्षाओं को सुचारू रूप से संचालित करने का कार्य किया। कुलपति झा ने एंथ्रोपोलॅजी, प्राचीन भारतीय इतिहास, अंबेडकर विचार सहित चार विषयों का मूल विषयों में विलय करने का प्रयास किया था, जिसका काफी विरोध हुआ था। वो ऑल इंडिया एसोसिएशन ऑफ वाइस चांसलर्स एंड एकेडमिशियंस, नई दिल्ली की संस्थापक वर्किंग प्रेसीडेंट भी थीं। प्रेमा झा को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए कई राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से भी नवाजा गया। उनका इस तरह से दुनिया को अलविदा कहना शिक्षा तथा साहित्य के क्षेत्र में खालीपन छोड़ गया है, तथा उनका निधन शिक्षा-जगत के लिए अपूरणीय क्षति है।

संक्षिप्त समाचार

अंग्रेजी शराब के साथ अपाची बाइक जब्त, तस्कर फरार

बीएनएम @ मोतिहारी/केसरिया। बीजधरी थाना क्षेत्र के लाला छपरा में शनिवार को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद की। जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि एक मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति अपाची बाइक से शराब की खेप लेकर लाला छपरा की ओर आने वाला है। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और इलाके की घेराबंदी कर छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान एक अपाची मोटरसाइकिल (रजिस्ट्रेशन नंबर BR06DS2185, चेचिस नंबर MD634BE87R2E10464, इंजन नंबर AE8ER2410316) को जब्त किया गया। तलाशी लेने पर बाइक से कुल 138 पीस अंग्रेजी शराब बरामद हुई, जिसमें 129 पीस ऑफिसर चॉइस व्हिस्की (23.22 लीटर) और 9 पीस रेडिको 8 पीएम (1.62 लीटर) शामिल है। कुल बरामद शराब की मात्रा 24.840 लीटर बताई गई है। थानाध्यक्ष सीमा कुमारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। पुलिस के पहुंचने से पहले ही अपाची चालक घनी बस्ती का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। उसकी पहचान की जा रही है और जल्द ही गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी।

जितना थाना क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई, 7 किलो अफीम जैसा मादक पदार्थ बरामद

बीएनएम @ मोतिहारी/सिकरहना: पूर्वी चंपारण जिले के जितना थाना क्षेत्र में पुलिस ने मादक पदार्थ के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 7 किलोग्राम अफीम जैसे पदार्थ की बरामदगी की है। यह कार्रवाई 24 अप्रैल 2026 की रात गुप्त सूचना के आधार पर की गई। पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम अगरवा निवासी सुबोध कुमार (पिता- वीरबहादूर राय) के घर के पीछे मादक पदार्थ छिपाकर रखा गया है। सूचना के सत्यापन के बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिकरहना के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संदिग्ध स्थान पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से 7 पैकेट में रखे कुल 7 किलोग्राम अफीम जैसे मादक पदार्थ को बरामद किया। बरामदगी के बाद पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। इस छापेमारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिकरहना उदय शंकर, प्रवेक्षी पदाधिकारी घोड़ासहन धनंजय कुमार निर्दोष, सह थानाध्यक्ष जितना थाना सुधीर कुमार, सह थानाध्यक्ष घोड़ासहन थाना अमरजीत कुमार, सह थानाध्यक्ष झरोखर थाना असलम अंसारी के साथ एसएसबी टीम एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। पुलिस का कहना है कि मामले में संलिप्त अन्य लोगों की पहचान की जा रही है और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी अभियान जारी है।

हत्या कांड का वांछित अपराधी उमेश राय गिरफ्तार

बीएनएम @ मोतिहारी/चकिया। पूर्वी चंपारण जिले के चकिया थाना क्षेत्र में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। चकिया थाना पुलिस एवं एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में हत्या कांड के वांछित अपराधी उमेश राय को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपी उमेश राय, स्वर्गीय सुनेश्वर राय का पुत्र तथा ग्राम गणेश सिरसिया, थाना चकिया, जिला पूर्वी चंपारण का निवासी है। वह चकिया थाना कांड संख्या 226/25 में नामजद आरोपी था और लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर उसे गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार उमेश राय का आपराधिक इतिहास भी रहा है। उसके खिलाफ पूर्व में मारपीट, उत्पाद अधिनियम और आर्म्स एक्ट से संबंधित कई मामले दर्ज हैं। गिरफ्तारी के बाद आरोपी से पूछताछ की जा रही है और मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

शराब कांड में फरार दो अभियुक्त गिरफ्तार

बीएनएम @ मोतिहारी/पचपकड़ी। पूर्वी चंपारण जिले के पचपकड़ी थाना क्षेत्र में पुलिस ने शराब कांड में फरार चल रहे दो अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस के अनुसार पचपकड़ी थाना कांड संख्या 172/25 एवं 60/26 में वांछित अभियुक्त बिट्टू शाह (पिता– सुनील शाह, निवासी– देवापुर) तथा चंदेश्वर महतो (पिता– स्व० रामाशीष महतो, निवासी– भंडार) को छापेमारी कर गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपी लंबे समय से फरार चल रहे थे। गिरफ्तारी के बाद दोनों अभियुक्तों को न्यायिक प्रक्रिया के तहत अग्रसारित किया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

महादेव की नगरी में हरित चेतना का संकल्पः केशव कृष्णा का दिव्य पर्यावरण यज्ञ

» नंगे पांव बाबा केदार के द्वार पहुंचे 'ऑक्सीजन मैन', वृक्षारोपण व पर्यावरण पाठशाला से जगाई शिवभक्तों में प्रकृति रक्षा की भावना

बीएनएम @ मोतिहारी

मोतिहारी। देवभूमि उत्तराखंड के पावन धाम केदारनाथ धाम में, जहाँ स्वयं भगवान भगवान शिव की दिव्य उपस्थिति का अनुभव होता है, वहीं बिहार के पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी से पधारे भारतीय पर्यावरण परिषद के अध्यक्ष, 'ऑक्सीजन मैन' के नाम से विख्यात केशव कृष्णा ने प्रकृति संरक्षण का एक अनूठा आध्यात्मिक अभियान प्रारंभ किया। अपनी त्रिदिवसीय तपस्वी यात्रा के प्रथम दिवस पर, उन्होंने गुप्तकाशी मंदिर में चंपारण की पावन धरती से लाए चम्पा, देशी नीम एवं 51 बेलपत्र के पौधों का वितरण कर हरित क्रांति का बीजारोपण किया। तत्पश्चात, श्रद्धा और संकल्प से ओतप्रोत होकर, वे नंगे पांव बाबा की डोली के साथ केदारनाथ धाम पहुंचे यह यात्रा केवल भौतिक नहीं, अपितु आध्यात्मिक साधना का प्रतीक थी। केदारपुरी में हजारों शिवभक्तों के मध्य 'पर्यावरण पाठशाला' का आयोजन कर उन्होंने अत्यंत गूढ़ किन्तु सरल संदेश दिया कि यह सृष्टि, जो स्वयं महादेव की रचना है, आधुनिकता के अंधानुकरण में मानव द्वारा निरंतर क्षतिग्रस्त की जा रही है। यदि समय रहते संतुलन स्थापित नहीं किया गया, तो प्रलय के संकेत दूर नहीं हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि वे अपने जीवन के प्रत्येक शुभ अवसर जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ अथवा प्रियजनों की स्मृति में वृक्षारोपण को एक पवित्र अनुष्ठान के रूप में अपनाएं। साथ ही, प्लास्टिक के न्यूनतम उपयोग एवं जल स्रोतों की स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लें। यह आध्यात्मिक-पर्यावरणीय कार्यशाला भैरवनाथ मंदिर सहित तीन प्रमुख स्थलों पर संपन्न हुई। तत्पश्चात, बर्फानी संत ललित जी के आश्रम में वेद मंत्रों की पावन ध्वनि के मध्य संत समाज के साथ वृक्षारोपण कर इस यज्ञ को पूर्णाहुति प्रदान की गई। आगामी समय में, केशव कृष्णा अपने पर्यावरण प्रेमी शिवभक्त साथियों के साथ केदारनाथ धाम स्थित ललित बाबा के आश्रम में एक दिव्य वाटिका स्थापित करने जा रहे हैं, जिसकी अनुमति उन्हें प्राप्त हो चुकी है। उन्होंने हर्षपूर्वक बताया कि शीघ्र ही शीत प्रदेश में अनुकूल पौधों की व्यवस्था कर इस पुनीत कार्य को साकार किया जाएगा। निश्चय ही, यह प्रयास केवल एक अभियान नहीं, बल्कि महादेव की कृपा से संचालित एक जागृति है, जो मानव को पुनः प्रकृति के प्रति अपने धर्म का बोध कराती है।

वाहन जांच में संदिग्ध बाइक छोड़कर फरार, पुलिस केस में दर्ज निकली गाड़ी

बीएनएम @ मोतिहारी/ केसरिया

मोतिहारी/ केसरिया। बीजधरी थाना क्षेत्र के लाला छपरा मोड़ पर शनिवार शाम चलाए जा रहे वाहन जांच अभियान के दौरान एक संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। पुलिस ने मौके से बाइक जब्त कर ली है, जो जांच में पूर्व से दर्ज एक पुलिस कांड से जुड़ी पाई गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस टीम लाला छपरा मोड़ पर नियमित वाहन जांच कर रही थी। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति पुलिस वाहन को देखकर अचानक अपनी गाड़ी घुमाकर भागने लगा। संदेह होने पर पुलिस बल ने उसका पीछा किया, लेकिन वह लाला छपरा बाजार मोड़ पर पहुंचकर शाम के समय लगी भीड़ का फायदा उठाते हुए बाइक छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने मौके से छोड़ी गई मोटरसाइकिल (चेचिस नंबर MBLHAW099K HL78744, इंजन नंबर HA10AGKH LC1404) को जब्त कर लिया। बाद में एचएचडी मशीन से जांच करने पर उक्त वाहन 'लेन-देन निषिद्ध (एनटीबीटी)' के रूप में चिह्नित पाया गया। यह बाइक मोतिहारी के भोपतपुर थाना कांड संख्या 126/2024, दिनांक 4 मई 2024 से संबंधित बताई गई है। थानाध्यक्ष सीमा कुमारी ने बताया कि वाहन जांच के दौरान संदिग्ध गतिविधि देखकर पीछा किया गया, लेकिन चालक भीड़ का फायदा उठाकर फरार हो गया। उन्होंने कहा कि बाइक के मालिक और फरार व्यक्ति की पहचान की जा रही है तथा जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। आगे की कार्रवाई जारी है।

भीषण गर्मी में राहतः मोतिहारी नगर निगम ने 21 प्याऊ और रैन बसेरों की की व्यवस्था

बीएनएम @ मोतिहारी

मोतिहारी। भीषण गर्मी एवं लू के प्रकोप को देखते हुए नगर निगम, मोतिहारी ने आमजन को राहत देने के उद्देश्य से व्यापक इंतजाम किए हैं। नगर आयुक्त आशीष कुमार (भा.प्र.से.) के निर्देश पर शहर में 06 स्थायी एवं 15 अस्थायी प्याऊ स्थापित किए गए हैं, जहां शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। यह स्थायी प्याऊ शहर के छतौनी बस स्टैंड, गाजा गद्दी चौक, ज्ञानबाबू चौक, हेनरी बाजार चौक, सदर अस्पताल एवं कचहरी चौक के समीप लगाए गए हैं। वहीं अस्थायी प्याऊ जानपुल चौक, बंजरिया पंडाल, स्टेशन चौक, बलुआ चौक, राजा बाजार, टाउन थाना पम्प, मेन रोड, बेलही माई मंदिर, छतौनी चौक, मधुबन चौक, बड़ी मस्जिद, द्वार देवी चौक, पंचमंदिर चौक और हिन्दी बाजार में संचालित हैं। इसके अतिरिक्त मीना बाजार में एक वाटर एटीएम भी स्थापित किया गया है। नगर निगम क्षेत्र में दो स्थानों पर रैन बसेरों की भी व्यवस्था की गई है, जहां निराश्रित लोगों के लिए ठहरने एवं स्वच्छ पेयजल की सुविधा उपलब्ध है। नगर आयुक्त ने बताया कि गर्मी के इस कठिन दौर में जल संकट और स्वास्थ्य समस्याओं से बचाव के लिए यह पहल की गई है। उन्होंने संबंधित कर्मियों को प्याऊ स्थलों पर नियमित सफाई बनाए रखने और पेयजल की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही नागरिकों से अपील की गई है कि वे जल का सदुपयोग करें और सार्वजनिक सुविधाओं की स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें। नगर निगम मोतिहारी जनहित के कार्यों के प्रति लगातार प्रतिबद्ध है।

जानकी जन्मोत्सव की धूम, 72 घंटे के अष्टयाम संग गूंजा "जय श्री सीताराम"

बीएनएम @ मोतिहारी

मोतिहारी। नगर के कुआंरी देवी चौक के समीप स्थित देवराहा बाबा गुरुकुल आश्रम में शनिवार को माता जानकी के प्रकाट्य उत्सव का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास एवं भक्ति भाव के साथ किया गया। इस पावन अवसर पर 72 घंटे के अष्टयाम का शुभारंभ हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा आश्रम "जय श्री सीताराम" के उद्घोष से गूंज उठा। कार्यक्रम के तहत आश्रम परिसर में राम दरबार एवं माता जानकी की प्रतिमा का भव्य फूलों से श्रृंगार किया गया। ठीक दोपहर 12 बजे पुजारी सुधीर पांडे ने भक्तों को जयघोष के बीच माता जानकी का दर्शन कराया। इसके पश्चात "जय जनक लली की" के साथ दिव्य आरती एवं विधिवत पूजन संपन्न हुआ। समस्त बेदी पूजन यजमान कैलाश प्रसाद गुप्ता एवं शशि भूषण चौबे ने सपत्नीक संपन्न कराया, जबकि आचार्य जयप्रकाश पांडे के निर्देशन में पूरे अनुष्ठान को विधिपूर्वक संपन्न किया गया। कार्यक्रम संयोजक अजय कुमार ने जानकारी दी कि इस अवसर पर 72 घंटे का अष्टयाम, रुद्राभिषेक, हवन एवं महाप्रसाद का विशेष आयोजन किया गया है। सह सचिव राम भजन ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि जानकी जन्मोत्सव माता सीता के पृथ्वी पर अवतरण एवं उनके आदर्श जीवन मूल्यों का प्रतीक है। यह पर्व त्याग, पवित्रता और शक्ति की देवी के प्रति समर्पण का संदेश देता है। इस दिन श्रद्धालु व्रत रखकर सुख-समृद्धि एवं कल्याण की कामना करते हैं। इस अवसर पर अध्यक्ष विनय कुमार शर्मा, अशोक कुमार गुप्ता, राजीव कुमार, चंद्रशेखर प्रसाद, किशन कुमार, रविंद्र कुमार, उमेश शाह सहित सैकड़ों की संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजन के दौरान भक्ति, आस्था और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत संगम देखने को मिला।

हरसिद्धि के मनीष बने मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव मैनेजर

बीएनएम @ मोतिहारी/हरसिद्धि

मोतिहारी/हरसिद्धि। हरसिद्धि बाजार के मनीष ने कड़ी मेहनत और लगन के बल पर बड़ी सफलता हासिल की है। उनका चयन डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के कैंपस प्लेसमेंट के माध्यम से भारती सीड्स में मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव मैनेजर पद पर हुआ है। वे पिछले छह महीनों से इस पद पर कार्यरत हैं। मनीष, पीडीएस विक्रेता शेषनाथ प्रसाद के पुत्र हैं। उनकी प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर से तथा इंटरमीडिएट गांधी हाई स्कूल से हुई। इसके बाद उन्होंने देहरादून से कृषि विज्ञान में स्नातक किया। आगे चलकर उन्होंने ICAR की परीक्षा पास कर पूसा स्थित कृषि विश्वविद्यालय में दाखिला लिया। पढ़ाई के साथ-साथ उन्होंने पटना में एफपीओ के क्षेत्र में कार्य कर किसानों के साथ जुड़कर अनुभव प्राप्त किया। कैंपस प्लेसमेंट के दौरान उनका चयन भारती सीड्स में हुआ, जहाँ वे किसानों के बीच बेहतर नेटवर्क और बाजार रणनीति पर काम कर रहे हैं। उनकी सफलता से परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। माता-पिता ने इसे गर्व का क्षण बताया और युवाओं के लिए प्रेरणा कहा।

हरसिद्धि में अवैध अल्ट्रासाउंड व नर्सिंग होम पर छापेमारी, कई केंद्र मिले बंद

बीएनएम @ मोतिहारी/हरसिद्धि

मोतिहारी/हरसिद्धि। प्रखंड क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित अल्ट्रासाउंड सेंटर, नर्सिंग होम और जांच घरों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग ने सख्त कार्रवाई की। सिविल सर्जन सह सदस्य सचिव, जिला स्वास्थ्य समिति के निर्देश पर 25 अप्रैल को हरसिद्धि बाजार में विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया, जिससे अवैध संस्थानों में हड़कंप मच गया। कार्रवाई का नेतृत्व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुनील कुमार ने किया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी गुलशन कुमार, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक शशिकांत श्रीवास्तव तथा स्थानीय थाना पुलिस की टीम भी मौजूद रही। संयुक्त टीम ने अपोलो अल्ट्रासाउंड, जसोदा अल्ट्रासाउंड, अंसारी हेल्थ केयर, आदर्श क्लीनिक, रोशन हॉस्पिटल और ममता जांच घर सहित कई केंद्रों का निरीक्षण किया। जांच के दौरान अपोलो अल्ट्रासाउंड खुला पाया गया, लेकिन वहां कोई अधिकृत चिकित्सक या प्रशिक्षित कर्मी मौजूद नहीं था। वहीं अन्य अधिकांश केंद्र टीम के पहुंचने से पहले ही बंद कर दिए गए और संचालक मौके से फरार हो गए। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुनील कुमार ने बताया कि सभी संबंधित संस्थानों को नोटिस जारी कर आवश्यक कागजातों की जांच की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि दस्तावेज संतोषजनक नहीं पाए जाने पर संस्थानों को सील करते हुए कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित स्वास्थ्य संस्थानों पर प्रशासन की सख्ती साफ नजर आई। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि इससे मरीजों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी और स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता आएगी।

स्थानीय प्रतिभाओं के संग मोतिहारी में आकार ले रही हिंदी फिल्म 'सरकारी मीडियम'

बीएनएम @ मोतिहारी

मोतिहारी। जिले के मोतिहारी में बन रही हिंदी फीचर फिल्म 'सरकारी मीडियम' की शूटिंग पूरे उत्साह के साथ जारी है। शनिवार को फिल्म की शूटिंग शहर स्थित बीडी वर्ल्ड स्कूल परिसर में की गई, जिसमें स्कूल के बाल कलाकारों समेत स्थानीय कलाकारों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। राज सागर फिल्म्स के बैनर तले बन रही इस फिल्म की शूटिंग का आज आठवां दिन रहा। फिल्म की शूटिंग 17 मार्च से जिले के विभिन्न लोकेशनों पर की जा रही है और पूरी फिल्म की शूटिंग पूर्वी चम्पारण में ही संपन्न होगी। निर्माण टीम के अनुसार, फिल्म की शूटिंग मई के पहले सप्ताह तक पूरी कर ली जाएगी। फिल्म के निर्देशक राज सागर ने बताया कि मोतिहारी में शूटिंग का अनुभव बेहद उत्साहजनक और शानदार रहा है। उन्होंने कहा कि यहां के सहयोगी माहौल को देखते हुए वे भविष्य में भी बिहार को अपनी फिल्मों के लिए प्राथमिकता देंगे। उन्होंने यह भी बताया कि शूटिंग के दौरान बिहार राज्य फिल्म विकास एवं वित्त निगम, कला एवं संस्कृति विभाग तथा जिला प्रशासन का भरपूर सहयोग मिल रहा है, जिससे कार्य सुचारू रूप से आगे बढ़ रहा है।जिला समन्वयन समिति के सचिव फहद ने जानकारी दी कि मोतिहारी जिला प्रशासन फिल्म निर्माण को बढ़ावा देने के लिए हर संभव सुविधा उपलब्ध करा रहा है। उन्होंने बताया कि शूटिंग की अनुमति प्रक्रिया को सरल बनाने हेतु सिंगल विंडो क्लियरेंस व्यवस्था लागू की गई है, जिससे निर्माताओं को विभिन्न विभागों में अलग-अलग आवेदन करने की आवश्यकता नहीं होती। इसके साथ ही, फिल्म निर्माताओं की सुविधा के लिए बिहार के स्थानीय कलाकारों और वेंडर्स का एक विस्तृत डेटाबेस भी तैयार किया जा रहा है। इच्छुक कलाकार और वेंडर बिहार राज्य फिल्म विकास एवं वित्त निगम की आधिकारिक वेबसाइट पर पंजीकरण करा सकते हैं। फिल्म के डायरेक्टर ऑफ फोटोग्राफी (डीओपी) नरेश चंद्र ने बिहार को फिल्म निर्माण के लिए अनुकूल स्थान बताते हुए यहां के लोगों के सहयोग की सराहना की। उन्होंने खास तौर पर बिहार के पारंपरिक व्यंजन चम्पारण मटन की भी प्रशंसा की। फिल्म 'सरकारी मीडियम' में बिहार के स्थानीय कलाकारों को प्रमुखता दी गई है। कलाकारों का चयन ओपन ऑडिशन के माध्यम से किया गया, जिसमें पटना की किलकारी संस्था के बाल कलाकार आयुष सहित कई प्रतिभाओं को अवसर मिला है। फिल्म में मुख्य भूमिकाओं में कुमार कन्हैया सिंह, डॉक्टर तृष्या, प्रिंस गुप्ता, आयुष पाण्डेय, कमल घिमेरे, रविकांत, गौतम गुलाल और सुकन्या पंडित नजर आएंगे। फिल्म के आर्ट डायरेक्टर रामू राय हैं, जबकि एक्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर एवं क्रिएटिव डायरेक्टर अनिल कमल चौहान हैं। फिल्म के निर्माता कुमार कन्हैया सिंह और भरत पटेल हैं।उल्लेखनीय है कि फिल्म के निर्देशक राज सागर मूल रूप से मोतिहारी के निवासी हैं और पिछले एक दशक से मुंबई फिल्म इंडस्ट्री में सक्रिय हैं। उन्होंने कई वीडियो एलबम और शॉर्ट फिल्मों का निर्देशन किया है। 'सरकारी मीडियम' उनके निर्देशन में बनी पहली फीचर फिल्म है, जिसकी कहानी बिहार की पृष्ठभूमि से जुड़ी हुई है।

संक्षिप्त समाचार

मिर्जा गालिब कॉलेज में प्रशासनिक एवं अकादमिक भवन का हुआ शिलान्यास

प्राचार्य ने रखी नए भवन की आधारशिला

बीएनएम @ गया जीः गया के प्रतिष्ठित मिर्जा गालिब कॉलेज के विकास पथ पर एक नया अध्याय जुड़ गया है, जब शुक्रवार को कॉलेज परिसर में नए प्रशासनिक और अकादमिक भवन का विधिवत शिलान्यास किया गया। इस गौरवशाली अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एमडी अली हुसैन, शासी निकाय के अध्यक्ष प्रो. हफीजुर रहमान खान और सचिव शबी आरफीन सहित बड़ी संख्या में शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए प्राचार्य ने संस्थान के 1969 से अब तक के संघर्षपूर्ण और उपलब्धियों भरे सफर को साझा किया। उन्होंने गर्व के साथ बताया कि कॉलेज निरंतर प्रगति कर रहा है, जिसमें 2018 में नैक द्वारा 'बी' ग्रेड की मान्यता, 2019 में स्वर्ण जयंती और 2021 से पूर्णतः कैशलेस प्रणाली का लागू होना प्रमुख मील के पत्थर हैं।संस्थान अपनी आधारभूत संरचना को मजबूत करते हुए 2022 में नए वोकेशनल भवन का निर्माण कर चुका है, जहाँ अब बीसीए और बीबीए जैसी आधुनिक कक्षाएं संचालित हो रही हैं। इसके अलावा, 25,000 पुस्तकों वाली समृद्ध डिजिटल लाइब्रेरी और उन्नत प्रयोगशालाएं छात्रों के भविष्य को संवार रही हैं। सामाजिक सरोकारों को ध्यान में रखते हुए कॉलेज ने बुद्धा अस्पताल के साथ एमओयू किया है ताकि कर्मचारियों को सस्ता इलाज मिल सके। शासी निकाय के अध्यक्ष ने जोर देकर कहा कि आज यह कॉलेज अपनी अनुशासनबद्ध शिक्षा व्यवस्था के लिए राज्यभर में विख्यात है। वर्तमान में 119 शिक्षकों और 137 शिक्षकेतर कर्मचारियों के पद सृजन का प्रस्ताव सरकार के पास प्रक्रियाधीन है, जो भविष्य में कॉलेज की शैक्षणिक गुणवत्ता को और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाएगा।

मवेशियों से लदी पिकअप नहर में पलटी, 7 मवेशी बरामद

नेपाल ले जाए जा रहे थे मवेशी

बीएनएम @ बैरियाः श्रीनगर (पुजहाँ) थाना क्षेत्र के बगही बघम्बरपुर नहर के समीप पुलिस ने पशु तस्करी के एक बड़े मामले का भंडाफोड़ किया है। 24 अप्रैल की रात थानाध्यक्ष अमित कुमार पाल को गुप्त सूचना मिली कि तस्कर एक सफेद पिकअप वैन में क्रूरतापूर्वक मवेशियों को लादकर नेपाल ले जाने की फिराक में हैं। सूचना के आधार पर जब पुलिस टीम मौके पर पहुँची, तो पाया कि पिकअप वाहन (BR22GB1899) असंतुलित होकर नहर में पलट गया है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, दुर्घटना के तुरंत बाद चालक अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया।पुलिस ने स्थानीय लोगों की सहायता से वाहन में फंसे सभी सात मवेशियों को सुरक्षित बाहर निकाला, जिनमें दो भैंस, एक पाड़ी और चार बछड़े शामिल हैं। बरामद मवेशियों और दुर्घटनाग्रस्त वाहन को जब्त कर थाना परिसर में रखा गया है। पुलिस ने वाहन स्वामी और अज्ञात चालक के विरुद्ध पशु क्रूरता अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि पशु तस्करी के नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए मामले की गहन जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

विवादित बयान पर घिरे सांसद पप्पू यादव, पुलिस ने शुरू की जांच

महिला आयोग ने थमाया नोटिस, 3 दिनों के भीतर मांगा जवाब

बीएनएम @ पटनाः पटना में महिलाओं पर की गई एक विवादित टिप्पणी के कारण पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। उनके विरुद्ध शास्त्रीनगर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है, जिसके आधार पर पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है।यह शिकायत जदयू की पूर्व प्रदेश सचिव और राज्य महिला आयोग की पूर्व सदस्य रीना चौधरी ने दर्ज कराई है। शिकायत में आरोप है कि सांसद का बयान महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुँचाने वाला और सार्वजनिक जीवन में उनकी छवि को धूमिल करने वाला है। पूरा विवाद पप्पू यादव द्वारा पूर्णिया में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान राजनीति में सक्रिय महिलाओं को लेकर दी गई आपत्तिजनक टिप्पणी से शुरू हुआ।मामले की गंभीरता को देखते हुए बिहार राज्य महिला आयोग ने भी कड़ा रुख अपनाया है। आयोग की अध्यक्ष अश्वमेध देवी (अप्सरा) ने सांसद को नोटिस जारी कर तीन दिनों के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है। आयोग ने चेतावनी दी है कि संतोषजनक जवाब न मिलने पर कड़ी कार्रवाई की सिफारिश की जाएगी। इधर, पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वे विवादित बयान के वीडियो फुटेज और अन्य साक्ष्यों की जांच कर रहे हैं, जिसके बाद जरूरत पड़ने पर सांसद को पूछताछ के लिए बुलाया जा सकता है। इस घटना के बाद बिहार में सियासी पारा गरमा गया है और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने इसे महिला सम्मान के विरुद्ध बताते हुए तीखी आलोचना की है।

केजरीवाल ने अपनी ही टीम के साथ किया विश्वासघातः जेडीयू

बीएनएम @ पटना। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसदों के भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने के बाद देश का राजनीतिक पारा चढ़ गया है। इस दलबदल पर जेडीयू और भाजपा ने 'आप' नेतृत्व पर कड़े प्रहार किए हैं।नैतिक पतन और आंतरिक असंतोष जेडीयू नेता नीरज कुमार ने 'आप' पर निशाना साधते हुए कहा कि नैतिक राजनीति का दावा करने वाली पार्टी को अपनी कमियों का आत्मचिंतन करना चाहिए। उन्होंने मंत्रियों के जेल जाने के बावजूद पद न छोड़ने को संगठन में बढ़ते असंतोष का मुख्य कारण बताया। वहीं, खालिद अनवर ने सीधे तौर पर अरविंद केजरीवाल पर अपनी टीम और जनता के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाया। बिहार भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी ने इस घटनाक्रम को प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों पर बढ़ते विश्वास का प्रतीक बताया। उन्होंने दावा किया कि अन्य दलों के नेता अपनी पार्टियों में असहज महसूस कर रहे हैं और आने वाले समय में कई और बड़े चेहरे भाजपा में शामिल हो सकते हैं। भाजपा नेता आर.पी. सिंह ने भी दोहराया कि 'आप' के संस्थापक सदस्यों का पार्टी छोड़ना पुराने आंतरिक मतभेदों को उजागर करता है।कुल मिलाकर, सांसदों के इस पाला बदलने ने विपक्षी खेमे में हलचल पैदा कर दी है, जिसे भाजपा अपनी वैचारिक जीत मान रही है, जबकि जेडीयू इसे 'आप' के संगठनात्मक ढांचे की विफलता बता रही है।

सीबीएसई 10वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राएं सम्मानित

बीएनएम @ बेतिया

बेतिया। बेतिया स्थित रामकृष्ण विवेकानंद विद्या मंदिर में सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय प्रबंधन की ओर से चेक एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के अभिभावक भी मौजूद रहे, जिससे कार्यक्रम का माहौल उत्साहपूर्ण रहा। 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अव्वल रहने वाले छात्र सचिन कुमार पटेल को निदेशक डॉ. एम. बनिक द्वारा 5000 का चेक एवं उपहार प्रदान किया गया। अन्य प्रमुख टॉपर्स में सौरव कुमार यादव (82.2%), निकित कुमार (87%), काव्या कुमारी (86.8%), आसिफ राजा (86.8%), आदित्य कुमार (86.4%), सोनू कुमार (86.4%), अरविंद कुमार (86.2%) और उज्ज्वल कुमार (85%) को भी सम्मानित किया गया। निदेशक डॉ. बनिक ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि जीवन में लक्ष्य प्राप्ति के लिए अनुशासन, धैर्य, एकाग्रता और समय की पाबंदी बेहद आवश्यक है। उन्होंने अभिभावकों का भी आभार जताया और कहा कि उनकी जागरूकता के कारण ही बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। इस अवसर पर छात्रा काव्या कुमारी की माता ने भी बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे घर में माता-पिता की बातों का पालन करते हुए नियमित पढ़ाई जारी रखें। वहीं अंग्रेजी शिक्षक विकेश कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए आगामी परीक्षाओं के लिए रणनीति बनाकर पढ़ाई करने की सलाह दी। कार्यक्रम में सभी टॉपर्स को मंच पर आमंत्रित कर जूनियर छात्र-छात्राओं के साथ अपने अनुभव और पढ़ाई से जुड़े सुझाव साझा करने का अवसर दिया गया। अंत में प्राचार्य राधाकांत देवनाथ ने सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का समापन समूह फोटो और अल्पाहार वितरण के साथ हुआ। इस मौके पर ब्लॉक-ए के प्राचार्य इंद्रजीत चक्रवर्ती, मैनेजर भास्कर भौमिक सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

'चंपारण अम्बेडकर चेतना पुरस्कार' से सम्मानित हुए शिक्षक रोहन पांडेय, शिक्षा जगत में खुशी

बीएनएम @ अरेराज

अरेराज। शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और उत्कृष्ट योगदान के लिए पीएम श्री दमड़ी अशर्फी उच्च माध्यमिक विद्यालय, संग्रामपुर के शिक्षक रोहन पांडेय को 'चंपारण अम्बेडकर चेतना पुरस्कार 2026' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान मोतिहारी के राजेंद्र नगर भवन में आयोजित एक भव्य समारोह में प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक प्रमोद कुमार, मेयर प्रीति गुप्ता एवं डॉ. तबरेज उपस्थित रहे, जिन्होंने रोहन पांडेय को सम्मानित किया। आयोजन समिति के अनुसार, इस गरिमामय समारोह में पूर्वी चंपारण सहित बिहार के विभिन्न जिलों से सामाजिक एवं शैक्षणिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले कई लोगों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिले की अनेक गणमान्य हस्तियों की उपस्थिति रही। रोहन पांडेय की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक हरिनाथ प्रसाद सहित आनंद कुमार, राजीव कुमार, संतोष सिंह और सुधीर सुमन समेत कई शिक्षाविदों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

धुआं और कमांडो देख सहम गए लोग, फिर पता चला मॉक ड्रिल

बीएनएम @ पटना

पटना हाई कोर्ट में बस हाईजैक की स्थिति पर हुआ सफल अभ्यास

पटना। पटना हाई कोर्ट परिसर में शनिवार को उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब सुरक्षा बलों की अचानक बढ़ी गतिविधियों ने आम लोगों को हैरत में डाल दिया। हालांकि, जल्द ही स्पष्ट हुआ कि यह आतंकवाद विरोधी दस्ते द्वारा आयोजित एक पूर्व निर्धारित मॉक ड्रिल थी। इस विशेष अभ्यास के दौरान 'बस हाईजैक' जैसी गंभीर स्थिति का कृत्रिम दृश्य तैयार किया गया था। जैसे ही हाईजैक की सूचना प्रसारित हुई, ATS के जवानों ने अत्यंत पेशेवर तरीके से मोर्चा संभाल लिया। ऑपरेशन के दौरान रणनीतिक लाभ हासिल करने के लिए स्मोक बमों का प्रयोग किया गया और जवानों ने बस को चारों ओर से घेरकर अंदर मौजूद "आतंकियों" को सफलतापूर्वक बेअसर कर दिया। कुछ ही मिनटों के भीतर सभी "यात्रियों" को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जो जवानों के उत्कृष्ट रिस्पॉन्स टाइम और आपसी तालमेल को दर्शाता है।इस पूरे सैन्य अभ्यास का अवलोकन पटना हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश, अन्य माननीय न्यायाधीशों और बिहार पुलिस के आला अधिकारियों की मौजूदगी में किया गया। इस ड्रिल का मुख्य उद्देश्य किसी भी वास्तविक आतंकी हमले या आपातकालीन स्थिति के दौरान सुरक्षा एजेंसियों की त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता और सटीक तालमेल को परखना था। हाई कोर्ट जैसे अति-संवेदनशील क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को अभेद्य बनाने के लिए इस तरह के अभ्यास अत्यंत महत्वपूर्ण माने जाते हैं। मौके पर मौजूद लोगों ने भी सुरक्षा बलों की फुर्ती और साहस की सराहना की। इस सफल मॉक ड्रिल ने यह स्पष्ट कर दिया कि सुरक्षा एजेंसियां किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पूरी तरह मुस्तैद और सक्षम हैं।

बेतिया से दुनिया तकः ध्रुपद घराने की दुर्लभ पांडुलिपियाँ 'ज्ञान भारतम्' पर उपलब्ध

बीएनएम @ बेतिया

बेतिया। पश्चिम चम्पारण जिले के ऐतिहासिक बेतिया राज घराना की एक अनमोल सांस्कृतिक धरोहर को अब डिजिटल युग में नई पहचान मिल गई है। सुप्रसिद्ध ध्रुपद गायक पंडित इन्द्र किशोर मिश्रा के निजी संरक्षण में सुरक्षित रखी गई बेतिया महाराज द्वारा रचित विभिन्न रागों की दुर्लभ ध्रुपद पांडुलिपियाँ अब डिजिटल रूप में आम लोगों के लिए उपलब्ध करा दी गई हैं। इन ऐतिहासिक पांडुलिपियों को ज्ञान भारतम ऐप पर अपलोड किया गया है, जिससे देश-विदेश के संगीत प्रेमी और शोधकर्ता अब इस विरासत तक आसानी से पहुँच सकेंगे। यह पांडुलिपियाँ बेतिया राज दरबार की समृद्ध संगीत परंपरा का जीवंत दस्तावेज हैं, जिनमें विभिन्न रागों में रचित ध्रुपद गीत शामिल हैं। ध्रुपद भारतीय शास्त्रीय संगीत की सबसे प्राचीन विधाओं में से एक है, जो अपनी गंभीरता और आध्यात्मिक गहराई के लिए जानी जाती है। मूल पांडुलिपियों का संरक्षण और उन्हें डिजिटल स्वरूप में उपलब्ध कराना सांस्कृतिक विरासत को बचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है। इस संबंध में जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य जिले की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करते हुए उसे जन-जन तक पहुँचाना है। उन्होंने जानकारी दी कि केंद्र सरकार द्वारा संचालित ज्ञान भारतम् मिशन के तहत देशभर की प्राचीन पांडुलिपियों को संरक्षित करने का कार्य किया जा रहा है। इस मिशन के अंतर्गत 70 वर्ष से अधिक पुरानी पांडुलिपियों को सर्वे में शामिल किया जा रहा है। जिला प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे ज्ञान भारतम ऐप डाउनलोड कर इन पांडुलिपियों का अवलोकन करें और अपनी सांस्कृतिक विरासत से जुड़ें। साथ ही, यदि किसी के पास ऐसी प्राचीन पांडुलिपियाँ हैं, तो उन्हें पोर्टल पर अपलोड करने या प्रशासन को सूचित करने का अनुरोध भी किया गया है।

विश्व मलेरिया दिवस पर जिले में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

बीएनएम @ मोतिहारी

मोतिहारी। विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों एवं समुदायों में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएचओ) एवं स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा आम लोगों को मलेरिया से बचाव एवं इसके लक्षणों की जानकारी दी गई। जिले के पीएसपी चिरैया, संग्रामपुर, मधुबन एवं चकिया स्थित स्वास्थ्य केंद्रों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रमों में रात्रि के समय मच्छरदानी के उपयोग पर विशेष जोर दिया गया। वहीं सिविल सर्जन डॉ. दिलीप कुमार ने बताया कि मलेरिया मादा एनाफिलीज मच्छर के काटने से फैलता है और समय पर उपचार नहीं होने पर यह जानलेवा भी साबित हो सकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि लक्षण दिखाई देने पर तुरंत जांच एवं उपचार कराएं। जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी (डीभीडीसीओ) डॉ. शरत चंद्र शर्मा ने जानकारी दी कि संक्रमित मच्छर के काटने के 6 से 8 दिनों के भीतर रोग के लक्षण प्रकट होते हैं। प्रमुख लक्षणों में तेज बुखार, सिरदर्द, थकान, पेट दर्द, चक्कर आना, उल्टी, मांसपेशियों में दर्द एवं एनीमिया शामिल हैं। उन्होंने बताया कि जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में मलेरिया की जांच एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध है। इस अवसर पर चिरैया प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंबरिया, चमही एवं इजरा (संग्रामपुर) में भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों में सीएचओ अनुष्का भारती, फूल कुमारी एवं भीखाराम की अध्यक्षता में छात्रों एवं स्थानीय लोगों को मलेरिया एवं एईएस से बचाव के उपाय बताए गए। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि स्वच्छता एवं सावधानी बरतकर मलेरिया से बचाव संभव है। घर एवं आसपास के क्षेत्रों में जलजमाव और गंदगी को खत्म करना आवश्यक है, क्योंकि यही मच्छरों के पनपने का प्रमुख कारण है। लोगों को मच्छरदानी, मच्छररोधी क्रीम के उपयोग तथा पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनने की सलाह दी गई।

जनता अब खुद बदलाव की लड़ाई लड़ रही हैः नितिन नवीन

बीएनएम @ पटना

पटना। कोलकाता के बड़ा नगर विधानसभा क्षेत्र में शनिवार को चुनावी सरगर्मी उस समय चरम पर पहुंच गई जब भाजपा नेता नितिन नवीन ने एक विशाल रोड शो के जरिए शक्ति प्रदर्शन किया। भारी संख्या में उमड़े कार्यकर्ताओं और समर्थकों की भीड़ ने पूरे इलाके को भाजपा के रंग में सराबोर कर दिया। इस दौरान स्थानीय लोगों का उत्साह भी देखते ही बन रहा था।रोड शो के समापन पर नितिन नवीन ने अरविंद केजरीवाल और ममता बनर्जी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने केजरीवाल के बंगाल में प्रचार करने पर सवाल उठाते हुए कहा कि जिस नेता का जनाधार गिर रहा हो, उसका साथ लेना विपक्ष की कमजोरी और हताशा को दर्शाता है। उन्होंने दावा किया कि पहले 'आप' का प्रभाव घटा और अब यही स्थिति तृणमूल कांग्रेस की होने वाली है। नितिन नवीन के अनुसार, भाजपा कार्यकर्ताओं का जमीनी संघर्ष और जनता की सुरक्षा के प्रति सजगता राज्य में राजनीतिक परिवर्तन का स्पष्ट संकेत दे रही है। इस आयोजन ने यह साफ कर दिया है कि पश्चिम बंगाल का चुनावी मुकाबला अब और भी दिलचस्प और कड़ा होने वाला है।

चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को मिलेगी नई सौगात, जल्द खुलेगी सीए लाइब्रेरीः दीपक कुमार

बीएनएम @ गयाजी

गयाजी। गया के गेबाल बिगहा रोड स्थित एक निजी होटल में गया सीपीई सेंटर द्वारा जीएसटी और ऑडिट जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर एक ज्ञानवर्धक सेमिनार का आयोजन किया गया। आईसीएआई के सीआईआरसी के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। सेमिनार के मुख्य वक्ता, रीजनल काउंसिल सदस्य सीए जयेंद्र तिवारी ने रियल एस्टेट और वर्क कॉन्ट्रैक्ट पर जीएसटी के प्रभावों और उसकी जटिलताओं को सरल ढंग से समझाया। उन्होंने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए प्रतिभागियों को निरंतर अध्ययन की सलाह दी। वहीं, सीए दीपेश राज ने 'शेड्यूल 3' और 'कारो' के ऑडिट पर पड़ने वाले प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की और व्यावहारिक जानकारी साझा की।कार्यक्रम के संयोजक सीए दीपक कुमार ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि गया में पहली बार रीजनल काउंसिल के सदस्य फैकल्टी के रूप में पहुंचे हैं, जो स्थानीय सीए के लिए बड़े गौरव की बात है। उन्होंने भविष्य में गयाजी में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के लिए एक समर्पित लाइब्रेरी स्थापित करने की योजना की भी घोषणा की। सत्र की अध्यक्षता सीए ज्ञान प्रकाश ने की, जिसमें सीए रोहित सिन्हा, उत्पल कुमार और संजीव सिन्हा सहित लगभग 50 चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ने सक्रिय रूप से भाग लिया। अंत में, प्रतिभागियों ने इस सेमिनार को अपने पेशेवर करियर के लिए अत्यंत उपयोगी और ज्ञानवर्धक बताया। यह आयोजन क्षेत्र के वित्तीय पेशेवरों को आधुनिक नियमों से अवगत कराने में सफल रहा।

नरकटियागंज में पंचायत स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता, हिंगलहर की टीम बनी विजेता

बीएनएम @ बेतिया

बेतिया। फकीराना सिस्टर्स सोसाइटी, बानुछापर बेतिया द्वारा संचालित पीसीएमईडी परियोजना के तहत प्रखंड नरकटियागंज के भेड़ीहरवा पंचायत अंतर्गत ग्राम हिंगलहर में पंचायत स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन देवी माई स्थान मैदान में किया गया। प्रतियोगिता में स्थानीय खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और खेल मैदान में जोश व प्रतिस्पर्धा का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत परियोजना प्रबंधक मो. कलाम अंसारी ने अतिथियों एवं खिलाड़ियों का स्वागत कर की। उन्होंने प्रतियोगिता के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस तरह के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को मंच मिलता है और खेल के प्रति रुचि बढ़ती है। मुख्य अतिथि मुखिया अभिजीत कुमार दुबे उर्फ सन्नी दुबे ने महिला टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और टॉस कराया। टॉस जीतकर हिंगलहर की कप्तान जफरीना खातून ने खेल की शुरुआत की और शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला वर्ग में हिंगलहर की टीम विजेता बनी। इसके बाद पुरुष वर्ग का मुकाबला आयोजित हुआ, जिसमें पुनः टॉस के बाद खेल प्रारंभ हुआ। रोमांचक मुकाबले में हिंगलहर की पुरुष टीम ने भी जीत हासिल कर दोहरी सफलता दर्ज की। विजेता टीम को मेडल, स्टंप बॉक्स, डायरी व कलम तथा उपविजेता टीम को मेडल, कॉपी व कलम देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि सन्नी दुबे ने कहा कि खेल में जीत-हार से अधिक महत्वपूर्ण सहभागिता और मेहनत है। उन्होंने आश्वासन दिया कि आगे ऐसे आयोजनों में वे पूर्ण सहयोग देंगे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में संस्था के कार्यकर्ताओं—मो. कलाम अंसारी, मो. जमाल, केविन विलियम, शत्रुध्न प्रसाद, राजेश कुमार, विजय श्रीवास्तव, आशिया प्रवीण, पिंकी प्रकाश, नेहा कुमारी, आरती कुमारी, सुधीर चौरसिया, सीता कुमारी, लालमुन्नी कुमारी, प्रियांसु कुमारी एवं सुजीत कुमार का सराहनीय योगदान रहा।

धनी लोग और धनी

बुनियादी विकास में निवेश घटने का दुष्प्रभाव गरीब तबकों पर पड़ता है। उधर सरकार जो ऋण लेती है, उस पर दिया जाने वाला ब्याज अंततः धनी लोगों की जेब में ही पहुंचता है। इससे वे और धनी होते हैं। साल 2024-25 में भारत सरकार पर देशी ऋण 8.35 और विदेशी कर्ज 9.83 फीसदी बढ़ा। उधर पिछले वित्त वर्ष की तुलना में उसके पूंजीगत खर्च में 0.08 प्रतिशत की गिरावट आई। ये आंकड़ें सीएजी की ताजा रिपोर्ट से सामने आए हैं। स्पष्टतः ऋण बढ़ने का एक प्रमुख कारण पिछले कर्ज (और उस पर ब्याज) को चुकाने के लिए लिया गया नया कर्ज है। कर्ज के बढ़ते बोझ का खामियाजा पूंजीगत व्यय (यानी ठोस विकास कार्यों) को चुकाना पड़ रहा है। यह चिंताजनक रुझान है। ऋण से पूंजी निर्माण या सामाजिक विकास हो रहा हो, तो उस कर्ज की सकारात्मक भूमिका समझी जाती है।

लेकिन ऋण की रकम रोजमर्रा के उपभोग या पिछले ऋण को चुकाने में खर्च हो रही हो, अथवा कर्ज लेकर हुए निवेश के लाभ चंद हाथों में सिमट रहे हों, तो समझा जाएगा कि देश दुर्दशा की तरफ जा रहा है। सेंटर फॉर फाइनेंशियल अकांटिबिलिटी नाम के गैर-सरकारी संगठन की ताजा रिपोर्ट- 'वेल्थ ट्रैकर इंडियाः 2026ं इस बारे में एक महत्त्वपूर्ण जानकारी देती है। इसके मुताबिक 2029 से 2025 की अवधि में भारत के पांच सबसे अधिक समृद्ध परिवारों के धन में 400 प्रतिशत की वृद्धि हुई। जबकि निचली 50 फीसदी आबादी का धन जहां का तहां रहा। इतनी बड़ी जनसंख्या के पास देश का महज 6.4 प्रतिशत धन है। गौरतलब है कि पूंजीगत व्यय में गिरावट की सबसे ज्यादा मार इन तबकों पर ही पड़ती है। मानव एवं भौतिक विकास में निवेश घटने का अर्थ है इन तबकों की प्रगति की आस का कमजोर पड़ना। उधर चूंकि सरकार ऋण धनी लोगों के स्वामित्व वाले संस्थानों से ही लेती है, तो उस पर दिया जाने वाला ब्याज उन लोगों की जेब में पहुंचता है। यानी उनका धन और बढ़ता है। वेल्थ ट्रैकर रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि देश के 1,688 अति धनी व्यक्तियों (1000 करोड़ रुपये से अधिक संपत्ति वाले) पर वेल्थ टैक्स लगा कर सरकार 10 लाख करोड़ रुपये सालाना जुटा सकती है। इससे आम जन के विकास के लिए जरूरी धन का इंतजाम हो सकेगा। मगर ऐसा तब होगा, जब सर्वांगीण विकास सचमुच सरकार की प्राथमिकता होगी।

पश्चिमी बंगाल की बंपर वोटिंग रचेगी नया इतिहास

मनोज कुमार अग्रवाल

देश के अब तक के संवैधानिक इतिहास में पहली बार किसी राज्य का चुनाव मतदान है जिसमें इतना बंपर तादाद में मतदाताओं ने अपने अधिकार का इस्तेमाल कर नया रिकार्ड बनाने की पहल की है।

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण में राज्य की जनता ने इस बार बंपर मतदान किया है, जो राज्य की राजनीतिक चेतना, सामाजिक सक्रियता और लोकतांत्रिक भागीदारी का जीवंत उदाहरण है। पहले चरण में 89.93 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है, जो सिर्फ एक आंकड़ा नहीं है, बल्कि यह राज्य की राजनीतिक चेतना, सामाजिक सक्रियता और लोकतांत्रिक भागीदारी का जीवंत उदाहरण है। जब लगभग नब्बे प्रतिशत मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करते हैं, तो यह स्पष्ट संकेत देता है कि जनता केवल दर्शक नहींरहना चाहती,जनता जागरूक हो चुकी है बल्कि सत्ता के गठन में सक्रिय भूमिका निभाने को तैयार है। ऐसे में यह सवाल स्वाभाविक है कि इस बंपर वोटिंग के मायने क्या है और क्यों तृणमूल कांग्रेस तथा भारतीय जनता पार्टी दोनों ही अपनी-अपनी जीत के दावे कर रही हैं। इन सबके बीच सबसे पहले, इतने बड़े पैमाने पर मतदान को लोकतंत्र की मजबूती के रूप में देखा जाना चाहिए। अक्सर यह धारणा रही है कि शहरी क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत कम रहता है और ग्रामीण इलाकों में अपेक्षाकृत अधिक, लेकिन इस बार जिस तरह से हर वर्ग महिला, युवा, बुजुर्ग ने मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, वह एक सकारात्मक बदलाव का संकेत है। यह दर्शाता है कि लोगों में अपने अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूकता बढ़ी है। खासकर महिलाओं को बड़ी भागीदारी यह संकेत देती है कि वे अब केवल सामाजिक नहीं, बल्कि राजनीतिक निर्णयों में भी अपनी भूमिका मजबूत कर रही हैं। सबसे बड़ी बात है कि इस बार का चुनाव पूर्व में बंगाल में हुए चुनावों के मुकाबले हिंसा कम हुआ है। बंगाल में चुनावी हिंसा का लंबा इतिहास रहा है। हालांकि यह भी सच है कि मुर्शिदाबाद के नौदा और बीरभूम के खैराशोल जैसे क्षेत्रों में हिंसा और और ईवीएम ईवीएम से से जुड़ी शिकायतों कायतों ने ने चुनावी प्रक्रिया पर सवाल खड़े किए हैं। झड़पें, पथराव और तोड़फोड़ की घटनाएं यह बताती हैं कि राजनीतिक प्रतिस्पर्धा अब भी कई जगहों पर असहिष्णुता में बदल जाती है। चुनाव आयोग और प्रशासन की जिश्वमेदारी है कि ऐसी घटनाओं पर सख्ती से कार्रवाई कर भरोसा कायम रखें। नौदा में हुमायूं कबीर द्वारा लगाए गए आरोप और खैराशोल में ईवीएम गड़बड़ी की शिकायतें केवल स्थानीय घटनाएं नहीं हैं, बल्कि वे उस व्यापक चुनौती की ओर इशारा करती हैं, जिसमें निष्पक्षता और पारदर्शिता को लगातार परखा जाता है। लोकतंत्र केवल मतदान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह विश्वास की एक सतत प्रक्रिया है, जिसे बनाए रखना सभी संस्थाओं की जिम्मेदारी है। इसके बावजूद, यह स्वीकार करना होगा कि इस बार केंद्रीय बलों और राज्य पुलिस की तैनाती ने कई संभावित बड़ी घटनाओं को रोका है। इसी तरह बीरभूम के खैराशोल और अन्य इलाकों में ईवीएम में गड़बड़ी के आरोपों के बाद जो हिंसक झड़पें हुईं, वे तकनीकी विश्वास के संकट को सामने लाती हैं। जब मतदाता यह महसूस करने लगते हैं कि उनका बोट सही जगह नहीं जा रहा है, तो उनका आक्रोश स्वाभाविक है। हालांकि इस तरह की शिकायतों की सत्यता की जांच जरूरी है, लेकिन यह भी उतना ही जरूरी है कि चुनाव आयोग और प्रशासन इस तरह की आशंकाओं को तुरंत और पारदर्शी तरीके से दूर करें।

बंगाल में चुनावी हिंसा कोई नई बात नहीं है। इसका इतिहास लंबा और जटिल रहा है। 1977 में वाम मोर्चा के सत्ता में आने के बाद से लेकर पंचायत राजनीति तक, सत्ता और संसाधनों पर नियंत्रण की लड़ाई ने कई बार हिंसक रूप लिया। पार्टी सोसाइटी जैसी अवधारणाएं इसी पृष्ठभूमि में जन्मी, जहां राजनीति ने सामाजिक ढांचे को पूरी तरह प्रभावित किया। 1993 की कोलकाता फायरिंग, सिंगूर और नंदीग्राम के आंदोलन, और 2011 के बाद के राजनीतिक बदलाव इन सभी घटनाओं ने यह दिखाया कि बंगाल की राजनीति में टकराव एक स्थायी तत्व बन चुका था। तृणमूल कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद उम्मीद थी कि हिंसा की संस्कृति में कमी आएगी, लेकिन 2018 के पंचायत चुनाव, 2019 के लोकसभा चुनाव और 2021 के विधानसभा चुनाव ने इस उम्मीद को पूरी तरह साकार नहीं होने दिया। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़े भी इस दिशा में संकेत करते हैं कि राजनीतिक हत्याओं के मामले में पश्चिम बंगाल लंबे समय से शीर्ष राज्यों में रहा है। हालांकि इन आंकड़ों पर अक्सर बहस होती रही है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि चुनावी प्रक्रिया के दौरान हिंसा की घटनाएं लगातार सामने आती रही हैं। ऐसे परिदृश्य में 2026 के पहले चरण में अपेक्षाकृत कम हिंसा होना एक सकारात्मक संकेत जरूर है। खासकर यह तथ्य कि अब तक किसी बड़ी जानलेवा भटना की खबर नहीं आई है, राहत देने वाला है। जहां पहले चुनावी हिंसा आम बात होती थी, वहां अच नियंत्रण और सतर्कता दिखाई दे रही है। यह सुधार लोकतांत्रिक संस्थाओं के मजबूत होने का संकेत है। लेकिन छिटपुट झड़पें, बमबाजी और तोड़फोड़ की घटनाएं यह याद दिलाती हैं कि अभी बहुत कुछ बदलना बाकी है। मगर पश्चिम बंगाल का यह चुनाव यह भी दिखाता है कि लोकतंत्र में सुधार धीरे-धीरे ही संभव है। हिंसा में कमी एक सकारात्मक कदम है, लेकिन पूरी तरह शांतिपूर्ण चुनाव अभी भी एक लक्ष्य है, जिसे हासिल करना बाकी है। इसके लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति, प्रशासनिक सख्ती और सामाजिक जागरूकता तीनों का समन्वय जरूरी है। हालांकि इन सबके बीच अच्छी बात यह है कि पिछले साल का रिकॉर्ड टूटा है, 2021 के विधानसभा चुनाव में 83.17 और 2016 विधानसभा चुनाव 82.66 प्रतिशत मतदान हुआ था, इस बार यह आंकड़ा 92 या 93 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। अब सवाल यह है कि बंपर वोटिंग का फायदा किसे होगा? राजनीतिक विश्लेषकों की राय अक्सर इस मुद्दे पर बंटी रहती है। एक पक्ष का मानना है कि उच्च मतदान प्रतिशत आमतौर पर सत्ता विरोधी लहर का संकेत होता है, यानी लोग बदलाव चाहते हैं और इसलिए बड़ी संख्या में वोट डालने निकलते हैं।

यदि इस तर्क को मानें, तो यह भाजपा के पक्ष में जा सकता है, जो खुद को परिवर्तन का विकल्प बताती रही है। वहीं दूसरा पक्ष यह मानता है कि अधिक मतदान का मतलब यह भी हो सकता है कि सत्तारूवु दल के समर्थक अपने आधार को मजबूत करने के लिए अधिक संख्या में मतदान कर रहे हैं। तृणमूल कांग्रेस का संगठनात्मक ढांचा और ग्रामीण क्षेत्रों में उसकी पकड़ को देखते हुए यह तर्क भी कमजोर नहीं है। खासकर उन क्षेत्रों में जहां सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ लोगों तक पहुंचा है, वहां सत्तारूढ़ दल के समर्थन में अधिक मतदान देखा जा सकता है। राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का कहना है कि राज्य के लोगों ने एसआईआर के विरोध में वोटिंग किया है। तृणमूल कांग्रेस और भाजपा दोनों ही दल इस बंपर मतदान को अपने-अपने तरीके से व्याख्यायित कर रहे हैं। तृणमूल इसे अपनी नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं की स्वीकृति के रूप में देख रही है, जबकि भाजपा इसे बदलाव की इच्छा और सत्ताविरोधी लहर का संकेत बता रही है। सच्चाई इन दोनों के बीच कहीं हो सकती है, जिसका फैसला केवल मतगणना के दिन ही स्पष्ट होगा। अंततः, यह कहा जा सकता है कि 89.93 प्रतिशत मतदान पश्चिम बंगाल के लोकतंत्र के लिए एक सकारात्मक संकेत है। यह दर्शाता है कि जनता अब अपने अधिकारों के प्रति सजग है और वह अपने भविष्य को तय करने में सक्रिय भूमिका निभाना चाहती है। चाहे परिणाम किसी के भी पक्ष में जाए, इस बंपर वोटिंग ने यह साबित कर दिया है कि लोकतंत्र की असली ताकत जनता के हाथ में है।

दरअसल पं बंगाल का चुनाव ममता बनर्जी की तृणमूल और भाजपा के बीच सत्ता पाने का अखाड़ा तो है ही इसमे दोनों के समर्थक वोटर भी आरपार के मूड में आ चुके हैं लंबे समय से सत्ता में काबिज ममता बनर्जी मुसलिम तुष्टिकरण की राजनीति और कानून व्यवस्था के बिगडते हालात के कारण राज्य के एक बड़े मतदाता वर्ग के भी निशाने पर है राज्य में बड़ी संख्या में केंद्रीय सुरक्षा बल की तैनाती ने छापा वोटिंग को नियंत्रित कर मतदाता को सुरक्षा प्रदान करने का काम किया है यही कारण है कि बंपर वोटिंग हुई है और परिणाम भी चौकाने वाला आएगा। (लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

मौत का मच्छर, लापरवाही का खतराः मलेरिया पर निर्णायक वार का समय

श्वेता गोयल

- मुश्किल नहीं है मलेरिया को हराना

(विश्व मलेरिया दिवस (25 अप्रैल) पर विशेष)

मलेरिया आज भी उन पुरानी और अत्यंत खतरनाक बीमारियों में से एक है, जो हर वर्ष लाखों लोगों के जीवन को प्रभावित करता है और असंख्य परिवारों को शोक में डुबो देता है। यह एक ऐसा रोग है, जो पूरी तरह रोके जाने योग्य होने के बावजूद आज भी वैश्विक स्वास्थ्य संकट के रूप में मौजूद है। सबसे चिंताजनक तथ्य यह है कि मलेरिया से होने वाली अधिकांश मौतें छोटे बच्चों में होती हैं, विशेष रूप से पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों में, जो इस बीमारी के प्रति सबसे अधिक संवेदनशील होते हैं। मलेरिया का संबंध एक सूक्ष्म लेकिन अत्यंत घातक परजीवी से है, जो संक्रमित मादा एनोफेलीज मच्छर के माध्यम से मानव शरीर में प्रवेश करता है। जब यह मच्छर किसी व्यक्ति को काटता है तो प्लाज्मोडियम नामक परजीवी रक्त में पहुंचकर पहले यकृत पर हमला करता है और फिर लाल रक्त कोशिकाओं को नष्ट करना शुरू कर देता है। यही कारण है कि मलेरिया केवल एक साधारण बुखार नहीं बल्कि शरीर की आंतरिक संरचना को गंभीर रूप से प्रभावित करने वाला रोग है।

वैश्विक स्तर पर मलेरिया की स्थिति आज भी चिंताजनक बनी हुई है। हाल के वर्षों के आंकड़े बताते हैं कि हर वर्ष करोड़ों लोग इस बीमारी की चपेट में आते हैं और लाखों लोग अपनी जान गंवा देते हैं। 2024 में मलेरिया से लगभग 6.1 लाख मौतें इस बात का प्रमाण हैं कि यह बीमारी अभी भी नियंत्रण से बाहर हो सकती है, यदि इसके प्रति जरा भी लापरवाही बरती जाए। यह केवल स्वास्थ्य का ही नहीं बल्कि सामाजिक और आर्थिक विकास का भी प्रश्न है क्योंकि मलेरिया प्रभावित क्षेत्रों में उत्पादकता घटाता है, स्वास्थ्य प्रणाली पर बोझ बढ़ाता है और गरीबी के चक्र को गहरा करता है। मलेरिया की सबसे खतरनाक विशेषता इसकी जटिलता और विविधता है। प्लाज्मोडियम के कई प्रकार होते हैं, जिनमें से फाल्सीपेरम सबसे घातक माना जाता है। यदि इसका समय पर उपचार न किया जाए तो यह गंभीर एनीमिया, किडनी फेल्योर, मस्तिष्क संबंधी जटिलताओं और अंततः मृत्यु का कारण बन सकता है। यही कारण है कि मलेरिया के उपचार में देरी या लापरवाही सीधे जीवन के लिए खतरा बन जाती है। कई बार लोग शुरुआती लक्षणों को सामान्य बुखार समझकर नजरअंदाज कर देते हैं, जो आगे चलकर गंभीर परिणामों का कारण बनता है। हालांकि आशा की किरण भी उतनी ही मजबूत है। विज्ञान ने मलेरिया के खिलाफ लड़ाई में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। नए टीकों का विकास, उन्नत दवाएं, कीटनाशक युक्त मच्छरदानियां और डिजिटल निगरानी प्रणाली इस दिशा में बड़ी प्रगति का

संकेत हैं। मलेरिया के लिए विकसित कुछ टीकों ने यह साबित किया है कि मलेरिया को नियंत्रित करना अब केवल कल्पना नहीं बल्कि वास्तविकता बन सकता है। कई देशों में इन टीकों का सफलतापूर्वक उपयोग किया जा रहा है और लाखों बच्चों को इससे सुरक्षा भी मिल रही है। इसके अतिरिक्त, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा एनालिटिक्स का उपयोग मलेरिया संभावित क्षेत्रों की पहचान करने में किया जा रहा है। इससे समय रहते रोकथाम के उपाय किए जा सकते हैं। आनुवंशिक रूप से संशोधित मच्छरों पर भी शोध जारी है, जिनके माध्यम से मलेरिया के प्रसार को नियंत्रित करने की संभावना तलाश की जा रही है। ये सभी प्रयास इस बात के संकेत हैं कि यदि वैश्विक समुदाय एकजुट होकर कार्य करे तो मलेरिया को जड़ से समाप्त करना संभव है। इसके बावजूद, चुनौतियां कम नहीं हैं। जलवायु परिवर्तन, शहरीकरण और कीटनाशकों के प्रति मच्छरों की बढ़ती प्रतिरोधक क्षमता इस लड़ाई को और कठिन बना रही है। तापमान और वर्षा के पैटर्न में बदलाव के कारण मच्छरों का फैलाव नए क्षेत्रों तक पहुंच रहा है, जिससे मलेरिया का खतरा भी बढ़ रहा है। इसके अलावा, कई विकासशील देशों में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी, जागरूकता का अभाव और आर्थिक संसाधनों की सीमाएं इस बीमारी के नियंत्रण में बाधा बनती हैं। यही कारण है कि विश्व मलेरिया दिवस 2026 की थीम 'मलेरिया को समाप्त करने के लिए प्रतिबद्धः अब हम कर सकते हैं, अब हमें करना ही होगा' अत्यंत प्रासंगिक है। यह थीम केवल एक नारा नहीं बल्कि एक चेतावनी है कि अब और देरी की गुंजाइश नहीं है। हमारे पास संसाधन हैं, तकनीक है और अनुभव भी है, आवश्यकता केवल दृढ़ इच्छाशक्ति और समन्वित प्रयास की है।

मलेरिया के लक्षणों में तेज बुखार, कंपकंपी, अत्यधिक पसीना, सिरदर्द, उल्टी और कमजोरी शामिल हैं। कई मामलों में यह रोग इतनी तेजी से गंभीर रूप ले लेता है कि मरीज को संभलने का अवसर तक नहीं मिलता। मलेरिया से बचाव के उपाय अत्यंत सरल लेकिन प्रभावी हैं। साफ-सफाई का ध्यान रखना, घर और आसपास पानी जमा न होने देना, मच्छरदानी का उपयोग करना, पूरी आस्तीन के कपड़े पहनना और समय-समय पर कीटनाशकों का छिड़काव करना इस बीमारी को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विशेष रूप से बरसात और गर्मी के मौसम में अतिरिक्त सावधानी बरतना आवश्यक है,त्र क्योंकि यही वह समय होता है, जब मच्छरों की संख्या तेजी से बढ़ती है। किसी भी प्रकार के बुखार को हल्के में नहीं लेना चाहिए। यदि तेज बुखार, ठंड लगना या अन्य लक्षण दिखाई दें तो तुरंत जांच करानी चाहिए और डॉक्टर की सलाह के अनुसार उपचार शुरू करना चाहिए। शुरुआती चरण में ही सही उपचार मिलने से मलेरिया को पूरी तरह नियंत्रित किया जा सकता है और गंभीर जटिलताओं से बचा जा सकता है।

सरकारों और स्वास्थ्य संस्थाओं की भूमिका भी इस दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करना, दूरस्थ क्षेत्रों में जांच और उपचार की सुविधा उपलब्ध कराना, जागरूकता अभियान चलाना और मलेरिया नियंत्रण कार्यक्रमों के लिए पर्याप्त बजट सुनिश्चित करना अनिवार्य है। इसके साथ ही, समुदाय की भागीदारी भी उतनी ही जरूरी है, क्योंकि बिना जनसहयोग के कोई भी स्वास्थ्य अभियान सफल नहीं हो सकता। वैश्विक स्तर पर मिली सफलताएं यह दर्शाती हैं कि यदि निरंतर प्रयास किए जाएं तो मलेरिया को नियंत्रित करना संभव है। कई देशों ने इसे पूरी तरह समाप्त कर दिया है और अनेक देश इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। यह उपलब्धियां हमें प्रेरित करती हैं कि हम भी इस दिशा में ठोस कदम उठाएं और मलेरिया मुक्त भविष्य की ओर बढ़ें।

मलेरिया के खिलाफ यह लड़ाई केवल चिकित्सा या विज्ञान की नहीं बल्कि जागरूकता, जिम्मेदारी और सामूहिक संकल्प की लड़ाई है। यदि हम समय रहते सावधानी बरतें, लक्षणों को नजरअंदाज न करें और उपचार में किसी प्रकार की लापरवाही न करें तो हजारों-लाखों जानें बचाई जा सकती हैं। अब समय आ गया है कि हम इस बीमारी को एक सामान्य समस्या मानने की भूल न करें बल्कि इसे एक गंभीर चुनौती के रूप में स्वीकार करते हुए इसके उन्मूलन के लिए एकजुट हों। मलेरिया का अंत संभव है लेकिन इसके लिए हमें अपनी आदतों, नीतियों और प्राथमिकताओं में बदलाव लाना होगा। जब हर नागरिक जागरूक होगा, हर समुदाय सक्रिय होगा और हर सरकार प्रतिबद्ध होगी, तभी यह सपना साकार होगा। यह केवल स्वास्थ्य का नहीं बल्कि मानवता के भविष्य का प्रश्न है। अब हमें यह तय करना है कि हम इस चुनौती के सामने झुकेंगे या इसे परास्त कर एक स्वस्थ, सुरक्षित और मलेरिया मुक्त विश्व का निर्माण करेंगे।

(लेखिका डेढ़ दशक से अधिक समय से शिक्षण क्षेत्र में सक्रिय शिक्षाविद हैं)

आज का राशिफल

मेष राशिः मेष राशि वालों आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज आपकी परिस्थितियां पहले से अनुकूल रहेंगी। व्यापारिक क्षेत्र में आपको मेहनत से आज अधिक लाभ होगा। आज आपको धन लाभ के अनेक अवसर प्राप्त होंगे। आज दोस्तों के साथ ट्रिप का प्लान कर सकते हैं। ऑफिस का महत्वपूर्ण कार्य करने में आज बिजी रहेंगे। ट्रांसफर के लिए परेशान लोगों को पसंदीदा जगह ट्रांसफर की खुशखबरी मिलेगी।

वृषभ राशिः वृषभ राशि वालों आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आपको कार्य क्षेत्र में सफलता मिलेगी। आज आपके रुकावट भरे कार्य पूरे होंगे। दांपत्य जीवन में आपसी तालमेल बढ़ेगा। आज किसी कार्य में घरवाले आपकी तारीफ करेंगे। छात्रों की पढ़ाई में रुचि बढ़ेगी। आपकी नौकरी में कुछ सकारात्मक परिवर्तन आएंगे।

मिथुन राशिः मिथुन राशि वालों आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज आपके पारिवारिक जीवन में सौहार्द की वृद्धि होगी। आज बड़ी जिम्मेदारी निभानी पड़ सकती है। आज धन लाभ के मौके हाथ लगेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति में मजबूती आएगी। आज संतान पक्ष से आपको सुखद अनुभूति होगी। इंजीनियरिंग के छात्रों को आगे बढ़ने के मौके मिलेंगे। आज महत्वपूर्ण प्रैक्टिकल को पूरा करने में छात्र व्यस्त रहेंगे।

कर्क राशिः कर्क राशि वालों आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज आप अपनी किसी जॉब के लिए इंटरव्यू देने जाएंगे जिसमें आपको सेलेक्ट कर लिया जाएगा। आज नया बिजनेस स्टार्ट करने से पहले किसी अनुभवी से सलाह लेंगे जिससे आपका बिजनेस अच्छे से चले। पुस्तकालय के कारोबारी नई ब्रांच खोलने का मन बना सकते हैं।

सिंह राशिः सिंह राशि वालों आज आपका दिन मिला जुला रहने वाला है। विद्यार्थियों को अपनी मेहनत के बेहतर परिणाम हासिल होंगे। दांपत्य जीवन में खुशी का माहौल बनेगा। धार्मिक कार्यों में आज आप धन खर्च करेंगे। साथ ही किसी धार्मिक अनुष्ठान में जाने का मौका मिल सकता है। आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी। आज जरूरत से ज्यादा खर्चों पर रोक लगाना चाहिए। विद्यार्थी अपने रुके काम को पूरा कर सकते हैं।

कन्या राशिः कन्या राशि वालों आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। काफी दिनों बाद आज परिवार के साथ समय बिताएंगे। आज उनके प्रति लगाव बढ़ेगा। आज रुके कार्यों में प्रगति होगी। आपके गृहस्थ जीवन में सुख शांति का माहौल बना रहेगा। डिप्लोमा कर रहे छात्रों को अपने सीनियर्स से महत्वपूर्ण जानकारियां मिलेंगी। ऑनलाइन फ्रॉड से बचने के लिए आप किसी अच्छी कंसल्टेंट से बातचीत करेंगे।

तुला राशिः तुला राशि वालों आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज जीवनसाथी को उनके मनपसंद चीजों की शॉपिंग करा सकते हैं। संतान पक्ष से सुखद अनुभूति होगी। माता पिता आज बच्चों का पूरा सहयोग भी करेंगे। ऑफिस में किसी पर निर्भर होकर काम न करें। अपनी इच्छा शक्ति के साथ अपनी भावनाओं में भी सुधार लाने की कोशिश करेंगे।

वृश्चिक राशिः वृश्चिक राशि वालों आज आपका दिन अनुकूल रहने वाला है। आज आप नया कारोबार शुरू करने का मन बना सकते हैं। साथ ही बड़ों की सलाह लेना उचित रहेगा। इस राशि के डांस में रुचि लेने वाले लोगों को ऊंचाइयों तक पहुंचने का जल्द मौका मिलेगा। आज किसी विषय में ज्यादा न सोचें वरना आपको उलझन होगी और सेहत पर असर पड़ सकता है। आज आपके दोस्त आपसे मुलाकात करने घर आ सकते हैं।

धनु राशिः धनु राशि वालों आज के दिन आप महत्वपूर्ण कार्यों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे। आज किसी रिश्तेदार को दिए रुपए आपको वापस मिलेंगे। सोचे हुए कार्यों में उनका इस्तेमाल करेंगे। मीडिया से जुड़े लोगों को आज अच्छा लाभ मिलेगा। प्राइवेट जॉब के लोगों को आज प्रमोशन से जुड़ी अच्छी खबर मिल सकती है। आज आपको सभी परेशानियों से छुटकारा मिलेगा। लवमेट की आज फोन पर देर तक बात होगी।

मकर राशिः मकर राशि वालों आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। प्रतियोगी परीक्षा के छात्र अपनी तैयारी जमकर करें, जल्द ही अच्छे परिणाम हासिल होंगे। ऑफिस में फोन का उपयोग कम करें, अन्यथा आपकी छवि खराब हो सकती है।

कुंभ राशिः कुंभ राशि वालों आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। नौकरी में आज आपको परिवर्तन नजर आएंगे। तैयारी कर रहे छात्रों को अच्छे अंक मिलेंगे, जिससे आप आगे बढ़ पाएंगे। आज आपका स्वास्थ्य फिट एंड फाइन रहेगा। आपकी सभी उलझनें आज समाप्त होंगी। कपड़ा व्यापारियों को आज उनकी मेहनत के उपरांत लाभ मिलेगा।

मीन राशिः मीन राशि वालों आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी, आज आपकी पहले से चल रही ईएमआई पूरी होगी। आज फैशन डिजाइनर्स का दिन बेहतर रहेगा। आज आपको ऑनलाइन बड़ा ऑर्डर मिलेगा। दांपत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी। आपकी पारिवारिक स्थितियां पहले से अनुकूल बनेंगी।

भारत को लेकर डोनाल्ड ट्रम्प का बयान निंदनीय है

संजय गोस्वामी

अमेरिका के डोनाल्ड ट्रम्प का बयान नर्क है भारत बेहद निंदनीय है हाँ उनके लिहाज से हो सकता है क्योंकि भारत में पश्चिमी सभ्यता का नष्ट हुआ और भारत में भगवान राम ने त्याग और मर्यादा का जो पालन किया वो सभी के लिए प्रेरणादायक है नर्क है तो आखिर स्वर्ग क्या है हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार, अप्सराएं इंद्रलोक (स्वर्ग) की दिव्य नृत्यांगना, गायिका और सेविका हैं, जो बेमिसाल सुंदरता और जादूई शक्तियों से संपन्न मानी जाती हैं। ये गंधर्वों के साथ मिलकर देवताओं का मनोरंजन करती हैं और ऋषियों की तपस्या भंग करने के लिए जानी जाती हैं। प्रमुख अप्सराओं में रंभा, उर्वशी, मेनका और तिलोत्तमा शामिल है अतः यहाँ अप्सराएं राजा को खुश करने के लिए नहीं नाचती है स्वर्ग में मजा है लेकिन मजा ही एक दिन सज़ा का कारण बनती है यहाँ के लोग मेहनत करते है खून पसीना बहा कर दो पैसा कमाते है लेकिन गुंडागर्दी नहीं करते हैं त्याग का रास्ता जो हमारे भगवान राम ने दिखाया है वो पूर्ण विश्व के लिए एक शांति का संदेश है अगर हर मनुष्य भगवान राम का मात्र 10 मिनट भी ध्यान कर ले तो क्रोध कभी नहीं आएगा लोग काम की चिंता में डूबे रहते हैं लेकिन क्या होगा यदि हम नहीं कर पाएं, काम में गलती होती है लेकिन राम का नाम हमें यही बताता है यहाँ हम सब एक मुसाफिर हैं इसलिए ना किसी बात की चिंता करो ना ही हिम्मत हारो और क्रोध को नियंत्रण करना सिर्फ भगवान राम से ही सीखा जा सकता है क्योंकि जब समुद्र लंका जाने में रास्ता नहीं दे रहा था तो लकक्ष्मणजी उनके भाई समुद्र में बाण चला देते लेकिन बाद में भगवान राम ने रोका और समुद्र ने अपनी बात बताई क्योंकि भगवान राम कहते हैं हमें हमेशा दूसरे के बारे में भी सोचना चाहिए यदि गलत हुआ हो तो अवश्य ही अन्याय के खिलाफ आवाज़ उठाए पहले से ट्रम्प का भारत के प्रति रवैया बहुत ही शर्मनाक रहा और हाल ही में आतंकवादी के गढ़ का देश

पाकिस्तान में ईरान और अमेरिका के बीच शान्ति वार्ता का शुभारम्भ कराकर ऐ दिखाने की कोशिश की गईं कि भारत देश की विदेश नीति सही नहीं है लेकिन पाकिस्तान में शान्ति वार्ता को झटका भी लगा और ईरान ने आपकी शर्त मानने से इंकार कर दिया आप ईरान में इजराइल के साथ मिलकर जंग में इसलिए कूदे की तेल के बड़े भंडार पर कब्ज़ा कर ले लेकिन इजराइल का ऑब्जेक्टिव कुछ और है और वो ना तो शान्ति वार्ता में पाकिस्तान गया ना ही सीज़फ़ायर की पेशकश की आप रातोंरात 63 साल के मादुरो और उनकी पत्नी को शनिवार को वेनेज़ुएला में उनके परिसर से अमेरिकी सैनिकों ने पकड़ा था। यह अचानक रातों-रात चलाया गया एक अभियान था, जिसमें कुछ सैन्य ठिकानों पर हमले भी हुए। गिरफ़्तारी के बाद दोनों को न्यूयॉर्क की एक जेल में ले जाया गया तो आप खुद अपने अंदर झाँक कर देखें कबीर साहब ने सही कहा है :बुरा जो देखन मैं चला, बुरा न मिलिया कोय।जो दिल खोजा आपना, मुझसे बुरा न कोय।।अर्थःकबीर दास जी कहते हैं कि जब मैं इस संसार में दूसरों की बुराई या कमियां खोजने निकला, तो मुझे कोई भी बुरा नहीं मिला। लेकिन जब मैंने अपने मन (दिल) के भीतर झांककर देखा, तो मुझे एहसास हुआ कि मैं स्वयं ही सबसे अधिक बुरा (दोषी) हैं संत कबीरदास जी का यह प्रसिद्ध दोहा आत्म-निरीक्षण (Self-reflection) और विनम्रता का संदेश देता है, जो बताता है कि दूसरों में बुराई खोजने से पहले हमें अपने भीतर झांकना चाहिए। भारत 140 करोड़ लोगों का एक शांतिप्रिय देश है और लोकतान्त्रिक देश है भारत ने आपसे पूछ कर 1998 में परमाणु परीक्षण आपके ही सेटेलाइट को चकमा दे कर किया और कारगिल विजय पर अटलजी ने पाकिस्तान को क्या खुब कहा थाःअमेरिका से एक नहीं दो नहीं करो बीसों समझौते पर स्वतन्त्र भारत का मस्तक नहीं झुकेगा अगणित बलिदानो से अर्जित यह स्वतन्त्रता अश्रु स्वेद शोणित से सिंचित यह स्वतन्त्रता त्याग तेज तपबल से रक्षित यह स्वतन्त्रता दुःखी मनुजता के हित अर्पित यह स्वतन्त्रता। भारत एक स्वतंत्र देश है नर्क है या स्वर्ग इसका फैसला ईश्वर कर सकता है जो सभी को चला रहा है आपसे अपना देश तो संभल नहीं रहा है आक्रोश है लोगों में क्योंकि युद्ध की आग में झोंक कर पूर्ण विश्व में तेल और गैस पर संकट आ गया, क्या आप सोचते हैं कि भारत आपसे दूध का निर्यात करें जिसे चारा में मांस खिलाया जाता है और दूध पीकर मन के अंदर विष भर ले, स्वर्ग की लालसा के लिए नर्क से होकर ही गुजरना पड़ता है अंग्रेजी हुकूमत ने भारतीय को नर्क में रखा लेकिन उनके त्याग और बलिदान से देश आजाद हुआ और स्वर्ग है हमारी मातृभूमि जिसे अनेक ऋषि और मुनि प्राचीन भारतीय संत या द्रष्टा थे, जिन्होंने गहन ध्यान (तप) और आध्यात्मिक साधना के माध्यम से दिव्य ज्ञान और शाश्वत सत्यों को प्राप्त किया। ऋषियों को ऐसे द्रष्टा के रूप में वर्णित किया गया है जिन्होंने वैदिक मंत्रों को प्रकट किया, जबकि मुनि ऐसे संत हैं जो अपने मौन व्रत या आध्यात्मिक मौ

स्लैपगेट विवाद पर एस श्रीसंत का पलटवार : हरभजन सिंह पर लगाया पैसे कमाने का आरोप

एजेंसी, नई दिल्ली

साल 2008 के कुख्यात स्लैपगेट विवाद का भूत एक बार फिर इंडियन प्रीमियर लीग का पीछा कर रहा है। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज एस श्रीसंत ने अपने पुराने साथी और दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह पर गंभीर आरोप लगाए हैं। श्रीसंत ने दावा किया है कि हरभजन ने उस घटना से व्यावसायिक लाभ उठाया, जिसने टूर्नामेंट के पहले सीजन को बड़े विवादों में डाल दिया था। करीब दो दशक बाद, स्लैपगेट घटना के बाद श्रीसंत ने हाल ही में एक विज्ञापन को लेकर हरभजन सिंह की सार्वजनिक रूप से आलोचना की है, जिसमें उनके पुराने विवाद का जिक्र किया गया था। पूर्व तेज गेंदबाज ने कहा कि समय के साथ उनके बीच का तनाव कम हो गया था, लेकिन उस घटना को व्यावसायिक रूप में बदलने के हरभजन के फैसले ने उनकी सोच पूरी तरह बदल दी है। यह विवाद 2008 में आईपीएल के पहले सीजन के दौरान किंग्स इलेवन पंजाब (अब पंजाब किंग्स) और मुंबई इंडियंस के बीच एक मैच के बाद हुआ था, जब हरभजन ने श्रीसंत को थप्पड़ मार दिया था। मैच के बाद दोनों खिलाड़ियों के बीच हुई इस झड़प ने बड़ा विवाद खड़ा कर दिया था, और श्रीसंत की परेशान तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुई थीं, जिसके बाद अनुशासनात्मक कार्रवाई हुई थी, जिसमें हरभजन को टूर्नामेंट के बाकी मैचों से निलंबित कर दिया गया था। हाल ही में श्रीसंत ने कहा कि उन्हें सबसे ज्यादा परेशान करने वाली बात असली घटना नहीं, बल्कि उसका व्यावसायिक इस्तेमाल था। उन्होंने आरोप लगाया कि हरभजन ने उस विज्ञापन से काफी कमाई की और उन्हें सोशल मीडिया पर उसे प्रमोट करने के लिए भी कहा, जिसे उन्होंने ठुकरा दिया। श्रीसंत ने एक मलयालम न्यूज पोर्टल से कहा, मैंने कभी किसी इंटरव्यू में भज्जी के बारे में बात नहीं की। यह पहली बार है। उन्होंने आगे कहा, हाल तक कोई समस्या नहीं थी, लेकिन उसने फिर से उस घटना पर एक विज्ञापन बना दिया। उसने उससे करीब 80 लाख से 1 करोड़ रुपये कमाए। उसने मुझे कॉल किया और कहा कि मैं उस पर एक स्टोरी डालूं। मैंने उसे कहा, मैं माफ कर सकता हूं, लेकिन कभी भूल नहीं सकता। अगर कोई आपके साथ गलत करता है, तो आपको माफ कर देना चाहिए, लेकिन भूलना नहीं चाहिए। अगर आप भूल गए, तो वे वही गलती फिर करेंगे। वह इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। इसमें कोई शक नहीं,हरभजन से अपने रिश्ते पर बात करते हुए श्रीसंत ने साफ कर दिया कि अब उनके बीच कोई मेल-मिलाप नहीं है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक तौर पर दिखने वाली दोस्ती उनके निजी अनुभव से मेल नहीं खाती। श्रीसंत ने कहा, उस व्यक्ति से मेरा कोई रिश्ता नहीं है।

विराट कोहली ने लगाया रनों का अंबार

एजेंसी, नई दिल्ली

क्रिकेट की दुनिया में जब भी रिकॉर्ड्स की बात होती है, तो विराट कोहली का नाम सबसे ऊपर चमकता है। शुक्रवार, 24 अप्रैल 2026 की शाम बेंगलुरु का एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम एक नहीं, बल्कि कई ऐतिहासिक उपलब्धियों का गवाह बना। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और गुजरात टाइटंस (जीटी) के बीच खेले गए रोमांचक मुकाबले में 37 वर्षीय किंग कोहली ने वह कारनामा कर दिखाया, जो आज तक विश्व क्रिकेट का कोई भी बल्लेबाज नहीं कर सका।

कोहली अब दुनिया के पहले ऐसे क्रिकेटर बन गए हैं जिन्होंने किसी एक देश में 10,000 टी20 रन पूरे किए हैं। भारत की मिट्टी पर रनों का अंबार लगाने वाले कोहली ने यह जादुई आंकड़ा छूकर अपनी बादशाहत एक बार फिर साबित कर दी है। गुजरात टाइटंस द्वारा दिए गए 206 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी की शुरुआत दमदार रही। कोहली मैच की शुरुआत से ही शानदार लय में नजर आ रहे थे। पारी के 8वें ओवर की दूसरी गेंद पर उन्होंने दुनिया के दिग्गज स्पिनर राशिद खान के खिलाफ एक गगनचुंबी छक्का जड़ा। इस छक्के के साथ ही कोहली ने आईपीएल इतिहास में अपने 300 छक्के भी पूरे कर लिए। इतना ही नहीं, कोहली आईपीएल के इतिहास में किसी एक टीम (आरसीबी) के लिए 300 छक्के जड़ने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बन गए हैं। इस लिस्ट में उनके बाद रोहित शर्मा का नाम आता है, जिन्होंने मुंबई इंडियंस के लिए 259 छक्के लगाए हैं। आईपीएल में सर्वाधिक छक्कों की सर्वकालिक सूची में अब कोहली (300) केवल क्रिस गेल (357) और रोहित शर्मा (310) से पीछे हैं। मैच शुरू होने से पहले कोहली को भारत में 10,000 टी20 रन पूरे करने के लिए 49 रनों की दरकार थी। बेंगलुरु के अपने पसंदीदा मैदान पर कोहली ने 10वें ओवर में यह मील का पत्थर हासिल किया। उन्होंने अपनी पारी के दौरान न केवल संयम दिखाया बल्कि 206 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम की उम्मीदों को भी जिंदा रखा और अंततः 81 रनों की मैच जिताऊ पारी खेली।

मैदान के बीच विराट और शुभमन गिल के बीच हुई मजेदार बातचीत, वीडियो वायरल

एजेंसी, नई दिल्ली

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और गुजरात टाइटंस (जीटी) के बीच हाल ही में खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मुकाबले के दौरान मैदान पर एक ऐसा मजेदार पल आया जिसने क्रिकेट प्रशंसकों का खूब मनोरंजन किया। मैच के बीच में विराट कोहली और शुभमन गिल के बीच एक अनौपचारिक और हल्की-फुल्की बातचीत हुई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में दिख रहा है कि कोहली गिल के पास गए और हंसते हुए कुछ ऐसा कहा, जिस पर जीटी के कप्तान शुभमन गिल ने भी मुस्कुराकर जवाब दिया। इस मजेदार बातचीत का वीडियो अब इंटरनेट पर खूब शेयर किया जा रहा है, जिससे दोनों खिलाड़ियों के बीच की दोस्ती और खेल भावना उजागर हुई है। इस मुकाबले में आरसीबी के खिलाफ गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाए। वह 24 गेंदों में महज 32 रन ही बना सके, जिसमें दो चौके और एक छक्का शामिल था। हालांकि, उनके जोड़ीदार साई सुदर्शन ने शानदार 100 रन की पारी खेलकर गुजरात टाइटंस को 3 विकेट पर 205 रन का मजबूत स्कोर खड़ा करने में मदद की।

यह मजेदार पल तब आया जब आरसीबी की पारी चल रही थी और विराट कोहली बल्लेबाजी कर रहे थे। कमेंट्री के दौरान आकाश चोपड़ा ने इस घटना का खुलासा करते हुए बताया कि विराट कोहली ने शुभमन गिल को छेड़ा।

राष्ट्रीय टीम से बाहर किए जाने पर खुशदिल शाह का फूटा गुस्सा, बोले- 700-800 रन बनाकर भी ड्रॉप किया

एजेंसी, कराची। पाकिस्तान के स्टार बल्लेबाज खुशदिल शाह राष्ट्रीय टीम में चयन न होने से गहरे हताश हैं। वर्तमान में पाकिस्तान सुपर लीग में कराची किंग्स का प्रतिनिधित्व कर रहे खुशदिल ने हाल ही में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड और टीम प्रबंधन पर सवाल उठाते हुए अपनी निराशा व्यक्त की। यह नाराजगी पूर्व क्रिकेटर रमीज राजा के साथ एक बातचीत के दौरान सामने आई, जहां खुशदिल ने टीम से बाहर रखे जाने पर अपना पक्ष रखा। खुशदिल ने गुरुवार को लाहौर कलंदर्स के खिलाफ गद्दाफी स्टेडियम में कराची किंग्स को पांच विकेट से शानदार जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी, जहां उन्होंने मात्र 14 गेंदों में 44 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली थी। इस मैच जिताऊ प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। मैच के बाद खुशदिल शाह ने रमीज राजा से स्पष्ट शब्दों में कहा, मैं अन्य खिलाड़ियों से अलग हूँ। मैं न तो सोशल मीडिया पर सक्रिय रहता हूँ और न ही पुरानी बातों का रोना रोता हूँ कि मेरे साथ क्या गलत हुआ। मैंने हाल ही में पांचवें और छठे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 700-800 रन बनाए हैं, जिसमें एक दोहरा शतक और कई बड़ी पारियां शामिल हैं।

आरसीबी ने लगाई अंक तालिका में छलांग, दूसरे स्थान पर पहुंची

एजेंसी, नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 34वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने एक रोमांचक मुकाबले में गुजरात टाइटंस को पांच विकेट से मात देकर अंक तालिका में बड़ी छलांग लगाई है। बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में विराट कोहली की 81 और देवदत्त पडिक्कल की 55 रन की शानदार पारियां गुजरात टाइटंस के साई सुदर्शन के शतक पर भारी पड़ गईं। गुजरात टाइटंस द्वारा दिए गए 206 रनों के पहाड़ जैसे लक्ष्य को आरसीबी ने 18.5 ओवर में ही आसानी से हासिल कर लिया। कोहली और पडिक्कल के बीच दूसरे विकेट के लिए हुई 115 रन की साझेदारी इस जीत का मुख्य कारण बनी। इस जीत के साथ, आरसीबी अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है, जिससे प्लेऑफ की दौड़ और भी रोमांचक हो गई है। रन चेज के उस्ताद विराट कोहली ने जैकब बेथेल के जल्दी आउट होने के बाद गुजरात के गेंदबाजों की धज्जियां उड़ा दीं। गुजरात के बल्लेबाजों ने पहली पारी में काफी संभलकर रन बनाए थे, लेकिन कोहली ने पिच की उछाल और गति को बखूबी समझा।

बिजनेस

स्टॉक मार्केट में मेहुल टेलिकॉम की मजबूत एंट्री, प्रीमियम लिस्टिंग के बाद लगा अपर सर्किट

एजेंसी, नई दिल्ली

टेलिकॉम सेक्टर में काम करने वाली कंपनी मेहुल टेलिकॉम लिमिटेड के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में प्रीमियम एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को खुश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 98 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग दस प्रतिशत से अधिक प्रीमियम के साथ 108 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद इस शेयर की चाल में उतार-चढ़ाव होता रहा। मुनाफा वसूली के चक्कर में हुई बिकवाली के कारण ये शेयर गिर कर 104 रुपये के स्तर तक आया। बाद में खरीदारी का सपोर्ट मिलने पर ये शेयर उछल कर 113.40 रुपये के अपर सर्किट लेवल पर पहुंच गया और इसी स्तर पर बंद हुआ। इस तरह पहले दिन के कारोबार में ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों को 15.40 रुपये यानी 15.71 प्रतिशत का फायदा हो गया। मेहुल टेलिकॉम लिमिटेड का 88.02 करोड़ रुपये का आईपीओ 17 से 21 अप्रैल के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से शानदार रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 44.91 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 32.5 गुना सब्सक्राइब हुआ था। नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 79.38 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसी तरह रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 37.41 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 28,29,600 नए शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ के जरिये जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी अपनी वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी। मेहुल टेलिकॉम लिमिटेड की वित्तीय स्थिति की बात करें, तो कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास जमा कराए गए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी को एक लाख रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। इसके अगले साल 2024-25 में कंपनी फायदे में आ गई। इस साल कंपनी को 5.74 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ। मौजूदा वित्त वर्ष में अप्रैल से 31 दिसंबर 2025 तक कंपनी को 7.07 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हो चुका है। इस अवधि में कंपनी के कर्ज में भी बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष 2023-24 के अंत तक कंपनी पूरी तरह से कर्ज मुक्त थी। वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी पर सात लाख रुपये का कर्ज हो गया। इसी तरह मौजूदा वित्त वर्ष में अप्रैल से 31 दिसंबर 2025 तक कंपनी पर 3.72 करोड़ रुपये के कर्ज का बोझ लद चुका है। इस अवधि में कंपनी के नेटवर्थ में भी बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष 2023-24 में ये नौ लाख रुपये के स्तर पर था, जो 2024-25 में बढ़ कर 17.10 करोड़ रुपये हो गया। वहीं मौजूदा वित्त वर्ष में अप्रैल से 31 दिसंबर 2025 तक ये 24.18 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इसी तरह ईबीआईटीडीए (अर्निंग बिफोर इंट्रेस्ट, टैक्सेज, डिप्रेशिएशंस एंड एमॉर्टाइजेशन) 2023-24 में 3.04 करोड़ रुपये के स्तर पर था, जो 2024-25 में बढ़ कर 8.02 करोड़ रुपये हो गया। वहीं मौजूदा वित्त वर्ष में 31 दिसंबर 2025 तक ये 9.71 करोड़ रुपये के स्तर पर था।

लगातार तीसरे दिन बड़ी गिरावट के साथ बंद हुए सेंसेक्स और निफ्टी, निवेशकों को 4.90 लाख करोड़ की चपत

एजेंसी, नई दिल्ली

घरेलू शेयर बाजार आज लगातार तीसरे दिन बड़ी गिरावट के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरुआत भी कमजोरी के साथ हुई थी। बाजार खुलते ही खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक सुधर कर हरे निशान में पहुंच गए। इसके कुछ देर बाद ही बिकवाली शुरू हो गई, जिसकी वजह से इन दोनों सूचकांकों ने दोबारा लाल निशान में गोता लगा दिया। बिकवाली के दबाव की वजह से सेंसेक्स 77,000 अंक के नीचे लुढ़क गया। इसी तरह निफ्टी भी 24,000 अंक के स्तर से नीचे चला गया। दिनभर के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1.29 प्रतिशत और निफ्टी 1.14 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए। आज दिन भर के कारोबार के दौरान लगातार बिकवाली होने की वजह से सभी सेक्टोरल इंडेक्स गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। आज के कारोबार में आईटी सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक बिकवाली होती रही, जिसकी वजह से निफ्टी का आईटी इंडेक्स 5.29 प्रतिशत टूट कर बंद हुआ। इसी तरह ऑटोमोबाइल, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, एफएमसीजी, हेल्थकेयर, मेटल, ऑयल एंड गैस, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और टेक इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण निफ्टी का मिडकैप इंडेक्स 0.96 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.87 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज की कारोबार का अंत किया। आज शेयर बाजार में आई कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब पांच लाख करोड़ रुपये की कमी हो गई।

बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 461.50 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी गुरुवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 466.40 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 4.90 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया। आज दिन भर के कारोबार में एनएसई में 2,967 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 667 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 2,300 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए।

इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से पांच शेयर बढ़त के साथ और 25 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 12 शेयर हरे निशान में और 38 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 180.20 अंक की कमजोरी के साथ 77,483.80 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही खरीदारी के सपोर्ट से यह सूचकांक ओपनिंग लेवल से 225 अंक से ज्यादा उछल कर हरे निशान में 77,710.82 अंक के स्तर तक आ गया। इसके बाद बाजार में दोबारा बिकवाली शुरू हो गई, जिसके कारण सेंसेक्स दोबारा लाल निशान में गिर गया। लगातार हो रही बिकवाली के कारण दोपहर दो बजे के थोड़ी देर बाद सेंसेक्स ऊपरी स्तर से 1,306.95 अंक लुढ़क कर 1,260.13 अंक की कमजोरी के साथ 76,403.87 अंक के स्तर पर आ गया। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी।

एलपीजी सिलेंडर संकट गहराया : देशभर में डिलीवरी में भारी देरी, उपभोक्ता परेशान

एजेंसी, नई दिल्ली

देशभर में रसोई गैस सिलेंडर की किल्लत और डिलीवरी में देरी ने उपभोक्ताओं की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश और राजस्थान सहित कई राज्यों में लोग समय पर गैस न मिलने से परेशान हैं, जबकि बुकिंग नियमों की अस्पष्टता और शादी के सीजन की बढ़ती मांग ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। सरकार की कोशिशों के बावजूद सोशल मीडिया पर भी उपभोक्ताओं की नाराजगी साफ दिख रही है। सरकार ने शहरी क्षेत्रों में सिलेंडर बुकिंग के लिए 25 दिन और ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन की समय-सीमा तय की है। हालांकि, गैस कंपनियां अगली बुकिंग की तारीख को सप्लाई की तारीख से जोड़ रही हैं, जिससे उपभोक्ताओं को 7-10 दिन का अतिरिक्त इंतजार करना पड़ रहा है। इस प्रक्रिया ने डिलीवरी को और धीमा कर दिया है। उत्तर प्रदेश के रायबरेली, बस्ती, कानपुर और प्रयागराज जैसे जिलों में सिलेंडर की भारी किल्लत और डिलीवरी में देरी की शिकायतें आम हैं। शादी के सीजन के कारण कॉमर्शियल सिलेंडरों की मांग तेजी से बढ़ी है, लेकिन आपूर्ति सीमित है। प्रयागराज में कॉमर्शियल सिलेंडर की कीमत सुरक्षा राशि सहित 4,600 रुपये से अधिक हो गई है।

घरेलू शेयर बाजार में ब्लैक फ्राइडे, जानिए बाजार की गिरावट की पांच प्रमुख वजहें

एजेंसी, नई दिल्ली

घरेलू शेयर बाजार में लगातार तीन दिन से जारी कमजोरी आज ब्लैक फ्राईडे के रूप में बदल गई। लगातार तीसरे दिन घरेलू शेयर बाजार जोरदार गिरावट का शिकार हो गया। इन तीन दिन में सेंसेक्स 2,609.12 अंक यानी 3.29 प्रतिशत की गिरावट का शिकार हो गया। इसी तरह निफ्टी भी तीन दिन के कारोबार में 678.65 अंक यानी 2.76 प्रतिशत टूट गया। आज भी सेंसेक्स ने लगभग एक हजार अंक का गोता लगाया। इसी तरह निफ्टी भी पौने तीन सौ अंक लुढ़क कर बंद हुआ। माना जा रहा है कि पश्चिम एशिया में जारी तनाव को खत्म करने के लिए प्रस्तावित बातचीत में हो रही देरी, कच्चे तेल की कीमत में आई तेजी, विदेशी संस्थागत निवेशकों और विदेशी फंड हाउसेज द्वारा घरेलू शेयर बाजार में लगातार की जा रही बिकवाली, आईटी सेक्टर में आई जबरदस्त गिरावट और इंडिया वोलैटिलिटी इंडेक्स (इंडिया वीआईएक्स) में आए उछाल के कारण घरेलू शेयर बाजार आज लगातार तीसरे दिन बड़ी गिरावट का शिकार हो गया। फिनरेक्स ट्रेजरी एडवाइजर्स एलएलपी के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर अनिल भंसाली का कहना है कि अमेरिका और ईरान के बीच दूसरे द्वारा की शांति वार्ता शुरू होने में हो रही देरी से दुनिया भर के निवेशकों के बीच घबराहट का माहौल बना हुआ है। पहले दौर की बातचीत असफल होने के बाद होर्मुज स्ट्रेट के मसले पर दोनों पक्षों के बीच तनातनी पहले से भी अधिक बढ़ गई है। सीजफायर के बावजूद दोनों देश एक दूसरे को तबाह कर देने की धमकी दे रहे हैं। इसकी वजह से तनाव का माहौल बना हुआ है और वैश्विक अर्थव्यवस्था के प्रभावित होने का खतरा बन गया है। इसी तरह होर्मुज स्ट्रेट के मसले पर दोनों पक्षों के हठी रवैये के कारण दुनिया भर में क्रूड ऑयल (कच्चा तेल) और गैसोलीन की सप्लाई प्रभावित हुई है। दुनिया भर में कच्चे तेल की सप्लाई के लिए होर्मुज स्ट्रेट एक प्रमुख समुद्री रास्ता है, जहां से ज्यादातर खाड़ी देशों के मालवाहक जहाज और तेल टैंकर गुजरते हैं। पश्चिम एशिया में जारी जंग की वजह से यह प्रमुख समुद्री रास्ता लगभग ठप पड़ गया है। होर्मुज स्ट्रेट के ठप हो जाने की वजह से कच्चे तेल की कीमत में लगातार तेजी का रुख बना हुआ है। आज ब्रेंट क्रूड 107.33 डॉलर प्रति बैरल के स्तर तक उछल गया। इसी तरह वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई क्रूड) ने भी 97.85 डॉलर प्रति बैरल के स्तर तक छलांग लगाई। कच्चे तेल की कीमत में आई तेजी के कारण भारत की अर्थव्यवस्था पर काफी प्रतिकूल असर पढ़ने की आशंका बन गई है।

एक समय खुद को बेहद अकेला महसूस करने लगी थीं मालविका

हाल ही में साउथ की मशहूर अभिनेत्री मालविका मोहनन ने बताया कि एक वक्त ऐसा आया था, जब वह अंदर से पूरी तरह टूट गई थीं। अभिनेत्री ने अपने फैंस के साथ दिल की बात साझा की। मालविका ने खुलासा किया कि परिवार और अपने करीबियों से दूर रहने की वजह से वह खुद को बेहद अकेला महसूस करने लगी थीं।

यह खुलासा मालविका मोहनन ने इंस्टाग्राम पर अपने फैंस के साथ आयोजित किए गए आस्क मी एनीथिंग सेशन के दौरान किया। इस सत्र के दौरान एक प्रशंसक ने उनसे पूछा कि वह आखिरी बार कब रोई थीं? इस सवाल का जवाब देते हुए मालविका ने बेहद ईमानदारी से अपने अनुभव को साझा किया। उन्होंने बताया, पिछले महीने में काम के सिलसिले में चेन्नई में थी। मुझे वहां काफी लंबे समय तक रुकना पड़ा। मेरी टीम बहुत अच्छी थी और काम भी सुचारु

रूप से चल रहा था, लेकिन लंबे समय तक घर और परिवार से दूर रहने के कारण मैं धीरे-धीरे अकेलापन महसूस करने लगी थी। मालविका ने अपनी भावनाओं को विस्तार से बताते हुए कहा, दिनभर शूटिंग और काम में व्यस्त रहने के बाद, जब मैं रात को अपने होटल के कमरे में लौटती थी, तो वहां मुझसे बात करने वाला कोई नहीं होता था। यह बात मुझे अंदर ही अंदर परेशान करने लगी थी। मैं मानसिक रूप से काफी उदास थी और लगातार अकेले रहने का गहरा असर मेरे मन पर पड़ने लगा था, जिसकी वजह से मुझे रोना आता था।

उनका यह अनुभव दिखाता है कि किस तरह बॉलीवुड और साउथ इंडस्ट्री के सितारों को भी आम इंसानों की तरह भावनात्मक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, भले ही उनकी जिंदगी बाहर से कितनी भी चकाचौंध भरी क्यों न लगे। अपने निजी अनुभवों को साझा करने के साथ-साथ मालविका ने अपने आने वाले प्रोफेशनल प्रोजेक्ट्स के बारे में भी बात की, जो उनके जीवन में आगे बढ़ने का एक संकेत है। उन्होंने बताया कि वह इस समय अभिनेता विजय सेतुपति के साथ एक तमिल फिल्म में काम कर रही हैं। इस फिल्म का निर्देशन प्रतिभाशाली त्यागराजन कुमार राजा कर रहे हैं, जिनकी तारीफ करते हुए मालविका ने कहा कि वह सबसे बेहतरीन फिल्म निर्माताओं में से एक हैं। मालविका ने यह भी बताया कि इस फिल्म का नाम पॉकेट नॉवेल है और यह इसी साल सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। उन्होंने कहा, इस प्रोजेक्ट को लेकर मैं बेहद उत्साहित हूं और उम्मीद करती हूं कि दर्शकों को यह फिल्म जरूर पसंद आएगी। इस फिल्म पर काम करना मेरे लिए एक खास अनुभव रहा है।

'जन नायकन' के एडिटर को साउथ एडिटर एसोसिएशन ने किया निलंबित

थलापति विजय की 'जन नायकन' की रिलीज अभी भी अटकी हुई है। फिल्म के ऑनलाइन लीक होने के मामले में अब फिल्म के एडिटर प्रदीप ई राघव को दक्षिण भारतीय फिल्म एडिटर एसोसिएशन ने निलंबित कर दिया है। उन्हें संघ के नियमों के उल्लंघन के आरोपों के बाद निलंबित किया गया है। उन पर आरोप है कि उन्होंने 'जन नायकन' सहित कई फिल्मों में लापरवाही बरती है। यह आचरण ऑनलाइन फिल्म लीक से संबंधित संघ के वैधानिक नियमों का उल्लंघन है। एक आधिकारिक बयान में संघ ने कहा कि कार्यकारी समिति के सामने यह तथ्य साबित हो चुका है कि राघव ने जन नायकन सहित कई प्रोजेक्ट्स में गैर-सदस्यों को सहायक के रूप में नियुक्त करके बार-बार उसके नियमों की अवहेलना की है। संघ ने इसे अपने वैधानिक नियमों का उल्लंघन बताया है। हालांकि, राघव लीक के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार नहीं थे, लेकिन उन्होंने स्वीकार किया है कि उनकी लापरवाही ने इस घटना में योगदान दिया। स्थिति को गंभीर बताते हुए एसोसिएशन ने चेतावनी दी कि यदि ऐसी चूकें अनियंत्रित रहीं तो फिल्म इंडस्ट्री के कामकाज के लिए एक बड़ा खतरा बन सकती हैं। इसने भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने की अपनी जिम्मेदारी पर जोर दिया।

रणबीर कपूर की रामायण अंग्रेजी संस्करण में देगी दस्तक, रिलीज पर आया ये अपडेट

रणबीर कपूर की पौराणिक महाकाव्य रामायण 2026 की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से है। फिल्म का निर्देशन नितेश तिवारी ने किया है और अभिनेता की पहली झलक कुछ दिन पहले जारी हुई थी। कुछ दिन पहले सुपरस्टार यश ने इसकी रिलीज पर कहा था कि यह अक्टूबर, 2026 के आखिरी हफ्ते में आ सकती है। अब, द फिथियन ग्रुप एलएलसी के संस्थापक पार्टनर जॉन फिथियन ने फिल्म के अंग्रेजी संस्करण की रिलीज पर बात की है। कुछ दिन पहले, जॉन ने लिंक्डइन पर एक पोस्ट साझा करते हुए रामायण की तारीफ की थी और सिनेमाकॉन, 2026 में फिल्म के वैश्विक प्रदर्शन का हिस्सा बनने को याद किया था। जब प्रशंसकों ने उनसे फिल्म के अंग्रेजी संस्करण की रिलीज पर सवाल पूछा तो उन्होंने कहा, अभी तय नहीं है। अंतरराष्ट्रीय वितरण और मार्केटिंग को लेकर इस हफ्ते बैठकें होंगी। लेकिन ऑस्ट्रेलिया में यह व्यापक रूप से उपलब्ध होगी। अंग्रेजी संस्करण 8 नवंबर को रिलीज हो सकता है।

जॉन ने पुष्टि नहीं की, लेकिन 8 नवंबर को अंग्रेजी संस्करण रिलीज

होने का संकेत जरूर दिया है। यह तारीख फिल्म निर्माताओं द्वारा 2026 की दिवाली पर फिल्म को रिलीज किए जाने की योजना से मेल खाती है। नमित मल्होत्रा द्वारा निर्मित फिल्म रामायण: भाग 1 में रणबीर को श्रीराम के किरदार में देखा जाएगा और माता सीता के किरदार में साई पल्लवी दिखेंगी। वहीं यश रावण के किरदार में नजर आएंगे। इसका दूसरा भाग दिवाली, 2027 में रिलीज होगा।

जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज करने की तैयारी में इम्तियाज अली की मैं वापस आऊंगा

मेधा शंकर इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म जिन्नी वेड्स सनी 2 को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं. इस फिल्म में दिल्ली की एक चुलबुली लड़की और एक छोटे शहर के शर्मीले लड़के की कहानी को दिखाया गया है.फिल्म में अरेंज मैरिज की मुश्किलों पर फोकस किया गया है. अब हाल ही में एक्ट्रेस ने एक इंटरव्यू के दौरान ऐसे लोगों के बारे में बात की जो अलग-अलग पर्सनैलिटी के होने के बाद भी एक-दूसरे की तरफ आकर्षित हो जाते हैं. मेधा ने कहा,हां, मैं ऐसा मानती हूं.अगर दो लोगों की पर्सनैलिटी अलग-अलग हो, तो उनमें अट्रैक्शन हो सकता है. लेकिन, उनके वैल्यूज सेम होने चाहिए.मालूम हो मेधा की फिल्म 12वीं फेल जब हिट हुई थी, तब लोगों ने उन्हें नेशनल क्रश का टैग दे दिया था.लेकिन, नेशनल क्रश बनने के बाद भी एक्ट्रेस को एक भी प्रपोजल नहीं मिला. मेधा ने बताया कि 12वीं फेल से पहले उनके रिश्तेदार अक्सर रिश्ता लेकर आया करते थे. वो चाहते थे कि एक्ट्रेस लड़कों से मिलें और अरेंज मैरिज करें. मेधा ने कहा,पहले वो बार-बार इस बारे में बात करते थे. उन्हें नहीं लगता था कि मैं अपने करियर में सक्सेसफुल हो पाऊंगी. एक्ट्रेस ने आगे कहा, 12वीं फेल के बाद मेरी लाइफ में सबकुछ बदल गया. रिश्तेदारों को लगने लगा कि मेरा करियर कहीं न कहीं आगे बढ़ रहा है. इसलिए अब कोई भी मेरे लिए शादी के रिश्ते नहीं लाता. मेधा ने आगे कहा कि उनका परिवार हमेशा उनके सपोर्ट में रहता है और शादी को लेकर प्रेशर क्रिएट नहीं करता है. मेधा ने कहा,मेरे पापा ने कभी भी शादी को लेकर मेरे ऊपर दवाब नहीं बनाया. मैं इस मामले में खुद को लकी मानती हूं. हां, वो इतना जरूर कहते हैं कि सही समय पर और सही इंसान से शादी कर लेना. वो समझते हैं कि फिलहाल मेरा काम ज्यादा जरूरी है. अभी शादी में वक्त है, लेकिन आगे चलकर मैं शादी जरूर करूंगी.

अभिनेत्री हंसिका मोटवानी ने याद किए पुराने दिन, इन दो शोज को बताया करियर का टर्निंग पॉइंट

अभिनेत्री हंसिका मोटवानी ने अपनी मेहनत से खुद को स्थापित किया है। बाल कलाकार के रूप में करियर की शुरुआत करने वाली अभिनेत्री हंसिका मोटवानी ने इंडस्ट्री में काफी समय गुजारा है। अपने सफर को याद करते हुए अभिनेत्री ने एक दिलचस्प किस्सा शेयर किया। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक पॉडकास्ट का क्लिप शेयर किया। इसमें उन्होंने बताया कि वे खुद को बहुत खुशकिस्मत मानती हैं कि उन्होंने बहुत छोटी उम्र से ही काम करना शुरू कर दिया था। अभिनेत्री कहती हैं, मैं इसे ब्लेसिंग ही मानती हूं कि मैं बहुत जल्द ही एक बाल कलाकार बनी। मैं खुद को हमेशा एक बाल कलाकार के तौर पर देखती हूं। मैंने सिर्फ 8 साल की उम्र में ही काम शुरू कर दिया था। इसी वजह से मैं इस इंडस्ट्री से जुड़ गई। उन्होंने आगे कहा कि इस बात का सबसे अच्छा पहलू यह रहा कि उन्होंने इंडस्ट्री को दोनों दौर में देखा। उन्होंने कहा, एक दौर में जब मैगजीन पर कैमरा होता था और आज के डिजिटल युग में, मैं अपने आपको

बहुत खुशकिस्मत मानती हूं कि मुझे बहुत अच्छे लोग मिले। उस समय टीवी बहुत बड़ा था। डेली सोप्स और किशोरों पर आधारित धारावाहिकों का खूब बोलबाला था। अभिनेत्री ने दो शो का जिक्र किया, जो उनके करियर के लिए बहुत सफल रहे थे। उन्होंने कहा, शाका लाका बूम बूम और दूसरा देश में निकला होगा चांद से मुझे काफी लोकप्रियता मिली थी। उन्होंने अपनी बात को खत्म करते हुए कहा, मैं खुशकिस्मत थी कि उस दौर में भी मेरे आस-पास हमेशा अच्छे लोग रहे। इन शोज ने मुझे घर-घर में लोकप्रिय बना दिया। हंसिका मोटवानी ने अपने करियर की शुरुआत लोकप्रिय बाल कलाकार के रूप में की थी, जो बाद में दक्षिण भारतीय सिनेमा (तमिल और तेलुगु) की एक प्रमुख अभिनेत्री बन गईं। उन्होंने टेलीविजन शो शाका लाका बूम बूम, देश में निकला होगा चांद और ऋतिक रोशन के साथ फिल्म कोई मिल गया में अभिनय किया।

जीनत ने आशा भोसले को दिया अपनी सफलता का श्रेय

अपनी फिल्म के मशहूर गाने दम मारो दम को लेकर मशहूर अभिनेत्री जीनत अमान ने इंस्टाग्राम पर एक दिलचस्प पोस्ट साझा की है। अभिनेत्री ने दिवंगत गायिका आशा भोसले को अपनी सफलता की शुरुआत का श्रेय दिया और गाने से जुड़ा एक मजेदार किस्सा भी बताया, जिसमें संगीतकार आरडी बर्मन ने मूल रूप से तय किए गए डुएट गाने के फैसले को बदल दिया था। जीनत अमान ने इंस्टाग्राम पर दम मारो दम गाने की एक छोटी सी क्लिप साझा की, जिसमें उनका पुराना अंदाज, बेफिक्र स्टाइल और शानदार एक्सप्रेशन आज भी लोगों को लुभाते हैं। वीडियो में उनका किरदार जेनिस यानी जसबीर एक अलग ही दुनिया में खोई हुई नजर आती है। इस वीडियो को साझा करते हुए जीनत अमान ने कैप्शन में लिखा, काश मैं फिर से 19 साल की हो पाती, जब मैं नई-नई थी, कुछ नया करने की चाहत थी और अपने बड़े मौके के बिल्कुल करीब थी। उन्होंने मजाकिया अंदाज में आगे लिखा, हे भगवान। क्या ये वर्षों का असर है। दम मारो दम की शूटिंग की यादों को मेरे दिमाग में एक धुंधली, लेकिन खूबसूरत याद बना दिया है। मैंने इस गाने की शूटिंग की कहानी पहले भी साझा की है, इसलिए यह पोस्ट आशा भोसले जी की याद में है। जैसा कि मैंने अपनी पिछली पोस्ट में बताया था, उन्होंने मुझे मेरी सफलता का संगीत दिया, और इसकी शुरुआत इसी गाने से हुई। जीनत ने कैप्शन में एक और दिलचस्प किस्सा साझा किया। उन्होंने बताया कि शुरुआत में दम मारो दम को पहले एक डुएट के रूप में गाने की योजना थी,

जिसे आशा जी की बड़ी बहन लता मंगेशकर और दमदार गायिका उषा उत्थुप गाने वाली थीं। लेकिन, आरडी बर्मन के इस गाने को लेकर विचार कुछ और ही थे। उन्हें लगा कि इस गाने के लिए आशा जी की खास आवाज ही सबसे सही रहेगी, और उन्होंने अपना फैसला बदल दिया। पोस्ट के आखिर में जीनत अमान ने कहा, खैर, मैं इस गाने से जुड़ी अपनी पुरानी पोस्ट को अपनी स्टोरी में साझा कर रही हूं। फिलहाल आप इस क्लिप का आनंद लें। अगर आपके पास भी दम मारो दम से जुड़ी कोई याद है, तो कमेंट में जरूर साझा करें।

33 साल बाद 'खलनायक रिटर्न्स', संजय दत्त ने की नई फिल्म की घोषणा; मेकर्स ने जारी किया फर्स्ट लुक वीडियो

33 साल पहले आई संजय दत्त की आईकॉनिक फिल्म 'खलनायक' आज भी लोगों को याद है। लेकिन अब 33 साल बाद खलनायक फिर लौट आया है। साल 1993 की सुपरहिट फिल्म 'खलनायक' के सीक्वल की आज घोषणा कर दी गई है। मेकर्स ने फिल्म का फर्स्ट लुक भी जारी कर दिया है। मेकर्स और संजय दत्त ने अपने इंस्टाग्राम पर 'खलनायक रिटर्न्स' की घोषणा करते हुए फिल्म का पहला पोस्टर और फर्स्ट लुक जारी किया है। फर्स्ट लुक वीडियो में संजय दत्त बड़े बालों वाले लुक में नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में दिखता है कि कई लोग घायल अवस्था में पड़े हैं। तभी संजय दत्त वहां पहुंचते हैं, एक इंसान उनसे रहम की भीख मांगता है। वो हाथ से जमीन पर पड़े खून और ज्वलनशील पदार्थ से अपनी सिगरेट जलाते हैं। इसके बाद वो कहते हैं, 'बोला था न, 10 अक्तूबर रात दस बजे बल्लू जेल से फुर्र।' इसके बाद वो खलनायक का टाइटल ट्रैक 'नायक नहीं खलनायक हूं मैं' गाते हुए वहां से निकल जाते हैं। फर्स्ट लुक से जाहिर है कि संजय दत्त बल्लू के किरदार में वापसी करेंगे और एक बार फिर पर्दे पर दमदार एक्शन करते दिखाई देंगे। इसके अलावा फिल्म के दो

पोस्टर भी जारी किए गए हैं। इनमें संजय दत्त लंबे बालों वाले लुक में खतरनाक अंदाज में नजर आ रहे हैं। इस पोस्टर को साझा करते हुए संजय दत्त ने कैप्शन में लिखा, 'हर कहानी का एक वक्त होता है और उसका वक्त आ गया है। खलनायक रिटर्न्स।' इसके अलावा फर्स्ट लुक वीडियो को साझा करते हुए संजय दत्त ने लिखा, 'कुछ कहानी खत्म नहीं होतीं, वो दोबारा शुरू होती हैं।' हालांकि, अभी फिल्म की रिलीज डेट के बारे में कोई जानकारी सामने नहीं आई है। फिल्म का निर्माण जियो स्टूडियो के तहत किया गया है। खलनायक 2 के टीजर और पोस्टर लॉन्च के दौरान संजय दत्त ने कहा कि मुझे जेल में खलनायक 2 बनाने का विचार आया। मैं जेल में म्यूजिक बजाया करता था और वहां सबसे ज्यादा मांग हमेशा खलनायक की ही होती थी। इसलिए मैंने 4000 कैदियों से हाथ उठाने को कहा कि कौन-कौन 'खलनायक 2' देखना चाहता है और उन सभी ने अपने हाथ उठा दिए। फिर मैंने उनसे कहा कि वे सब एक-एक पन्ना लिखें, जब मैं पैरोल पर बाहर आया, तो मुझे उनमें से कुछ लिखा हुआ पसंद आया। मैंने सुभाष जी से मुलाकात की और उन्हें वह सुनाया।

भागदौड़ भरी जिंदगी में स्वस्थ रहने के लिए अपनाएं ये 5 आसान तरीके

भागदौड़ भरी जिंदगी में स्वस्थ रहना एक चुनौतीपूर्ण काम हो सकता है। काम की व्यस्तता और समय की कमी के कारण हम अक्सर अपने स्वास्थ्य की अनदेखी कर देते हैं। हालांकि, कुछ आसान और असरदार तरीके अपनाकर आप अपनी दिनचर्या में स्वास्थ्य का ध्यान रख सकते हैं। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे सुझाव देंगे, जिन्हें अपनाकर आप अपनी भागदौड़ भरी जिंदगी में भी स्वस्थ रह सकते हैं।

समय पर खाना खाएं

खाने का समय तय करना बहुत जरूरी है। कोशिश करें कि आप हर दिन एक ही समय पर खाना खाएं ताकि आपका पाचन तंत्र सही रहे। सुबह का नाश्ता, दोपहर का खाना और रात का खाना एक ही समय पर खाएं। इससे आपका शरीर समय पर भोजन के लिए तैयार रहेगा और आप अधिक ऊर्जावान महसूस करेंगे। इसके अलावा यह आदत आपको भूख लगने पर तुरंत कुछ भी खाने से भी रोकेगी और आप स्वस्थ रहेंगे।

पानी पीना न भूलें

भागदौड़ भरी जिंदगी में अक्सर लोग पानी पीने का समय नहीं निकाल पाते हैं, जो कि सेहत के लिए बहुत जरूरी है। दिनभर में कम से कम 8-10 गिलास पानी पीना चाहिए। इससे आपका शरीर तर रहेगा और आप तरोताजा महसूस करेंगे। अगर आप ऑफिस या काम के दौरान व्यस्त रहते हैं तो अपने डेस्क पर एक पानी की बोतल रखें और उसे समय-समय

पर भरते रहें। इससे आपको याद दिलाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

थोड़ा समय निकालकर व्यायाम करें

व्यस्तता के कारण व्यायाम करना मुश्किल हो सकता है, लेकिन यह बहुत जरूरी है। आप सुबह या शाम किसी भी समय 20-30 मिनट की सैर कर सकते हैं या हल्की-फुल्की कसरत कर सकते हैं, जैसे योग या स्ट्रेचिंग। अगर समय की कमी है, तो लंच ब्रेक में थोड़ी देर टहलें या ऑफिस के पास पार्क में जाकर कुछ मिनट टहलें। इससे आपका शरीर सक्रिय रहेगा और मानसिक तनाव भी कम होगा।

पर्याप्त नींद लें

भागदौड़ भरी जिंदगी में पर्याप्त नींद लेना बहुत जरूरी है। कोशिश करें कि आप हर रात कम से कम 7-8 घंटे की नींद लें, ताकि आपका शरीर पूरी तरह से आराम कर सके। अगर आप देर रात तक काम करते हैं तो सोने से पहले मोबाइल या लैपटॉप का इस्तेमाल न करें क्योंकि इससे आपकी नींद प्रभावित होती है। इसके बजाय किताब पढ़ें या ध्यान लगाएं ताकि आपकी नींद अच्छी हो सके।

संतुलित आहार अपनाएं

संतुलित आहार आपके स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी है। अपनी डाइट में फल, सब्जियां, प्रोटीन और कार्बोहाइड्रेट शामिल करें ताकि आपका शरीर सभी जरूरी पोषक तत्व प्राप्त कर सके। जंक फूड से बचें और घर का बना खाना ही खाएं ताकि आपकी सेहत बेहतर बनी रहे। इन सरल उपायों को अपनाकर आप अपनी भागदौड़ भरी जिंदगी में भी स्वस्थ रह सकते हैं। इन आदतों को नियमित रूप से अपनाने पर आपका जीवन खुशहाल और सक्रिय रहेगा।

Inter-State Drug Syndicate Busted; Three Arrested, Including Two Suppliers from UP

New Delhi. The Anti-Narcotics Squad (ANS) of the East District has busted an inter-state drug syndicate following a major crackdown on drug traffickers. The police have recovered 475 grams of 'smack' (heroin), estimated to be worth approximately 80 lakh in the international illicit market. In connection with the case, three accused individuals—including two suppliers from Shahjahanpur (UP)—have been arrested. Rajiv Kumar, Deputy Commissioner of Police (East District), stated on Saturday that a special operation against drug traffickers was being conducted within the East District. During this operation, on April 2,

intelligence was received that a trafficker named Mohammad Arif was scheduled to arrive near the old RRTS site on Ghazipur Road to deliver a consignment of smack. Acting on this information, the ANS team laid a trap and apprehended him. A subsequent search of his person led to the recovery of 270 grams of smack. An FIR was registered under the NDPS Act at the Patparganj Industrial Area Police Station, and an investigation was initiated. During interrogation, the accused, Mohammad Arif, revealed that he procured the narcotics from Amit and Vikas—both residents of Shahjahanpur—and sold them at inflated prices across Delhi-NCR. Police officials noted that merely arresting a peddler does not dismantle the entire network; consequently, the team was directed to uncover the entire syndicate. Following technical surveillance and a series of continuous raids, the two suppliers from Shahjahanpur—Amit and Vikas—were arrested. An additional 205 grams of smack was recovered from their possession. The investigation further revealed that Mohammad Arif himself is a drug addict, and it was through this association that he initially came into contact with these suppliers. Initially, he engaged in buying and selling narcotics in small quantities; however, later—lured by the prospect of higher profits—he began procuring wholesale supplies. For the past several months, he had been running this illicit trade while living in a rented accommodation in the Brahmapuri area. According to the police, the three accused individuals were engaged in the drug trade in an organized manner for financial gain. They targeted and supplied drugs to addicts in urban areas. The 475 grams of smack recovered falls under the category of a commercial quantity. The police are now investigating the extent of the accused's network across the Delhi-NCR region and identifying other traffickers with whom they were in contact. Officials state that, with the objective of achieving a drug-free society, action against such networks will continue unabated.

MCD Organizes Cyclothon in Karol Bagh Zone

New Delhi. The Municipal Corporation of Delhi (MCD) organized an eight-kilometer-long cyclothon in the Karol Bagh Zone on Saturday. Through this event, the Corporation reiterated its commitment to promoting fitness among citizens and municipal employees, as well as advancing the mission for a Clean and Green Delhi. The objective of this event was to encourage a healthy lifestyle and to spread awareness regarding the importance of sanitation and environmental conservation. Concurrently, a special sanitation drive was conducted along the designated route, reflecting the Municipal Corporation of Delhi's holistic approach toward civic engagement and responsibility. Deputy

Commissioner Dilkhush Meena flagged off the cyclothon from Rajendra Nagar. Mr. Meena emphasized the significance of such events in fostering community participation and raising environmental awareness. This cyclothon served not only as a means to promote physical health but also proved to be a platform for reinforcing the message of maintaining a clean and green urban environment. The Municipal Corporation of Delhi reiterated its commitment to continuing such initiatives in the future, with the aim of building a healthy, clean, and sustainable Delhi through public participation. A large number of enthusiastic citizens and municipal employees participated in this event. Their participation and energy demonstrated the growing awareness of—and support for—fitness and sanitation campaigns within the city.

Brief news

Declared Absconder in Attempted Murder Case Arrested

New Delhi: The Crime Branch of the Delhi Police has arrested an absconding criminal in connection with an attempted murder case. The arrested accused has been identified as Irfan alias Chand Mohammad, a resident of JJ Colony in Bhalswa Dairy. The accused was wanted in an attempted murder

case registered at the Narela Industrial Area Police Station and had been constantly changing his hideouts for a long time to evade arrest. Harsh Indora, Deputy Commissioner of Police (Crime Branch), stated on Saturday that a case under the sections pertaining to attempted murder was registered against Irfan at the Narela Industrial Area Police Station in 2022. During the investigation and court proceedings, the accused absconded, and despite repeated raids, the police were unable to apprehend him. Due to his persistent absence, the court declared him an absconder on May 14, 2025. According to the Deputy Commissioner of Police, the WR-1 team of the Crime Branch was tasked with the responsibility of tracking down the accused. Acting on this information, the police laid a trap on Friday night and apprehended the accused. The police have also registered a *Kalandra* (proceedings) against him under the relevant sections of the BNSS. The investigation also revealed that the accused has a history of criminal activity. In addition to the attempted murder case, a case under the NDPS Act was also registered against him in 2019 at the Faridabad GRP Police Station in Haryana. He had been declared an absconder by the court in both of these cases. According to police officials, the accused is a school dropout and worked as an auto-rickshaw driver. He is currently undergoing interrogation, and his other criminal connections and activities are also being investigated.

Attempt to Sever Tent Businessman's Hands Over Unpaid Dues

New Delhi. A case involving a life-threatening assault on a tent businessman, who had gone to demand outstanding payments, has come to light within the jurisdiction of the Dabri Police Station in the Dwarka district. It is alleged that the businessman—who arrived to collect the unpaid balance for a wedding event—was subjected to an attempt to sever both his hands using a grinder. In critical condition, the injured victim was first taken to a local hospital and subsequently referred to AIIMS. The police have arrested the prime accused, while two juveniles have been taken into custody. Kushal Pal Singh, Deputy Commissioner of Police (DCP) for the Dwarka district, stated on Saturday that a PCR call was received around 8:30 PM on the night of April 24, reporting that some individuals in the Vijay Enclave area had severed a man's hands using a grinder. Upon reaching the scene, the police identified the injured victim as 32-year-old Lokesh Gupta, a resident of Vijay Enclave who works as a confectioner and provides tent services. The investigation revealed that the accused, Ajay Pal, had availed of Lokesh's tent and catering services on April 20 for his daughter's wedding. The injured victim was initially taken to the Rashi Medical Center; however, due to the critical nature of his condition, he was subsequently referred to AIIMS. The police collected evidence from the crime scene and recorded the victim's statement. Medical examinations confirmed that the victim had sustained severe injuries inflicted by a sharp-edged weapon. Subsequently, a case was registered at the Dabri Police Station under relevant sections of the law, and the prime accused, Ajay Pal (53), was arrested. Two juveniles involved in the incident have also been taken into custody. The police are conducting a comprehensive investigation into the entire sequence of events, and a search is currently underway for the other accused individuals who remain at large. Preliminary investigations have revealed that the case is linked to a dispute over outstanding payments.

Sanjay Singh Calls Photos of Kejriwal's Residence 'Fake,' Warns of Defamation Suit

New Delhi. Sanjay Singh, a Rajya Sabha MP from the Aam Aadmi Party (AAP), on Saturday termed the photographs allegedly released by the Bharatiya Janata Party (BJP) regarding Arvind Kejriwal's residence as "fake and baseless." He asserted that the images being circulated—which are claimed to be associated with Kejriwal's residence—are fraudulent. Speaking at a press conference held at the party office, Sanjay Singh stated that all the photographs released by the BJP are false and are intended to tarnish Kejriwal's image. Singh demanded that the residences of the Lieutenant Governor, the Chief Minister, and other ministers be opened to the public—along with

Kejriwal's home—so that people can visit in person, witness the reality for themselves, and judge whose residence is truly the most opulent. He also accused the party of orchestrating the filing of false cases against AAP leaders and candidates in Gujarat, as well as getting the party's social media pages suspended. Atishi, the Leader of the Opposition in the Delhi Legislative Assembly, reiterated that the released photographs do not depict Kejriwal's residence and are entirely fake.

Mayor Inaugurates State-of-the-Art Advanced Eye Care Center at Swami Dayanand Hospital

New Delhi. Delhi Mayor Raja Iqbal Singh on Saturday inaugurated the Advanced Eye Care Center established within the OPD block of Swami Dayanand Hospital. Standing Committee Chairperson Satya Sharma and Additional Commissioner Pankaj Naresh Agarwal were also present on this occasion. Notably, this center is equipped with modern instruments and specialized services, which will make high-quality eye care facilities available to citizens in East Delhi and the surrounding areas. During the visit, the Mayor inspected the hospital's Lactation Management Unit and ICU, and inquired about the functioning of the state-of-the-art Continuous Renal Replacement Therapy (CRRT) machine available there. Speaking on the occasion, Mayor Raja Iqbal Singh stated that providing world-class

healthcare services to the citizens of Delhi is the Corporation's top priority. The establishment of the Advanced Eye Care Center at Swami Dayanand Hospital marks a strong step in this direction. The Municipal Corporation is making continuous efforts to ensure that every citizen receives timely, affordable, and quality medical care. Through the utilization of modern technology and expertise, Delhi's healthcare system will be elevated to new heights. State-of-the-art centers like the Advanced Eye Care Center will enable the general public to access superior medical treatment within their own locality, thereby eliminating the need for them to rely on larger, distant hospitals. Additional Commissioner Pankaj Naresh Agarwal directed the hospital administration to ensure adequate arrangements for protection against the heat and heatwaves. He also issued instructions to set up an 'ORS Corner' within the hospital to prevent diarrhea, thereby ensuring that essential healthcare facilities are made available to the local community in a timely manner. Deputy Commissioner Mamta Yadav, Chairman of the Shahdara North Zone Puneet Sharma, local Councilor Veer Singh Pawar, and Director of Hospital Administration Dr. Rajesh Kumar Bansal were present at the event.

Delhi Police Busts Illegal Arms Factory; Three Arrested

New Delhi. The North District Police has busted an illegal arms factory operating in Moradabad (Uttar Pradesh), thereby unearthing a major network involved in the illicit manufacture of weapons. Three accused individuals have been arrested in connection with this operation. From the site, the police have recovered three country-made pistols (*deshi kattas*), 12 live cartridges, and a large quantity of raw materials and tools used for manufacturing weapons. Raja Banthia, Deputy Commissioner of Police (DCP) for the North District, stated on Saturday that on the evening of April 21, while patrolling near Hanuman Chowk on Yamuna Khadar Pushta Road within the Wazirabad police station limits, police personnel received a tip-off that an individual was roaming around carrying an illegal weapon. Acting swiftly, the police cordoned off the area and apprehended Mohammed Ayub (49). The investigation revealed that illegal weapons had been manufactured at the factory for the past year. Meanwhile, Idris is an expert in weapon manufacturing and had been engaged in this trade for the past 20–25 years, while Shadab served as his accomplice. The two

were paid 2,000 and 1,000, respectively, for each weapon manufactured. According to the police, the seized materials are sufficient to manufacture approximately 50 to 60 country-made pistols, clearly indicating that this was a fully operational illegal arms factory. The criminal records of the accused have also come to light; Mohammed Ayub has previously been involved in a murder case, while Idris already has cases registered against him under the Arms Act and the Explosives Act. The police are now searching for the absconding mastermind, Sonu, and are actively investigating the arms supply network.

Criminal Involved in 47 Cases Arrested

New Delhi. The Crime Branch of the Delhi Police has arrested a declared fugitive criminal who had been absconding in a case registered under the Arms Act. The accused has been identified as 27-year-old Pradeep, alias 'Kake'. He is a resident of Vinod Nagar. He was wanted in connection with an Arms Act case registered at the Laxmi Nagar Police Station in 2019 and had been declared a 'Proclaimed Offender' by the court. Aditya Gautam, Deputy Commissioner of Police (Crime Branch), stated on Saturday that in 2019, the police at the Laxmi Nagar Police Station had apprehended the accused in possession of an illegal weapon (a knife). A case was registered against him under various sections of the Arms Act vide FIR No. 230/2019. Following the

investigation, the accused was granted bail; however, he failed to appear in court during the trial proceedings and subsequently absconded. Due to his persistent absence, the Court of the Judicial Magistrate First Class (JMFC) situated at Karkardooma declared him a 'Proclaimed Offender'. A team from the Southern Range of the Crime Branch was deployed to effect the accused's arrest. Utilizing technical surveillance and intelligence gathered through their network of informants, the police team gathered information regarding the accused's whereabouts. After several days of surveillance and conducting raids across Delhi-NCR, the police finally apprehended the accused from West Vinod Nagar on April 24. Interrogation revealed that Pradeep, alias 'Kake', is a 'Declared Criminal' at the Mandawali Police Station and has been continuously active in the world of crime since 2017. A total of 47 criminal cases are registered against him across various police stations in Delhi, involving offenses such as robbery, snatching, theft, vehicle theft, burglary, and the possession of illegal weapons. According to police officials, the accused was part of a criminal network active in Delhi and its surrounding areas, and he constantly changed his hideouts in an attempt to evade arrest.

Mule Account and Shell Company Network Busted: 16 Crore Transacted in 8 Days; Two Arrested

New Delhi. The Cyber Police Station of the Outer North District has uncovered a major network of "mule accounts" and shell companies being utilized across the country for the misappropriation of funds obtained through cyber fraud and for money laundering. In this operation, the police have arrested two individuals acting as dummy directors; a suspicious company account operated through them was found to have recorded transactions exceeding 16 crore in a span of just eight days. Hareswar Swami, Deputy Commissioner of Police (Outer North District), stated on Saturday that an investigation was initiated under a "Mule Hunting" campaign, based on inputs received from the National Cyber Crime Reporting Portal and the 'Samnvay Portal' of the Indian Cyber Crime Coordination Centre. Following technical analysis,

examination of bank records, and tracing of the financial trail, the police arrested the company's dummy directors, Sonu Kumar and Aminder Singh. Interrogation and further investigation revealed that the accused are part of an organized cyber fraud network that lured unemployed and economically vulnerable individuals with promises of jobs, commissions, or easy money, subsequently establishing shell companies in their names. Bank accounts were then opened using these individuals' KYC documents; however, complete control over the associated mobile numbers, email addresses, net banking facilities, and UPI access remained with the actual masterminds behind the operation. The police stated that the Pitampura, Rani Bagh, and Netaji Subhash Place areas have emerged as hotspots for such shell company operations. Currently, a search is underway for other accused individuals linked to the network, as well as the mastermind. The Delhi Police has appealed to the public not to provide their bank accounts to anyone in exchange for a commission, not to become a company director without proper verification, and not to share their KYC documents with unknown individuals. The police warned that strict legal action would be taken against anyone found involved in such activities.

Amar Colony Murder Case: Police Arrive at Victim's House with Rahul Meena

New Delhi. The Delhi Police has intensified its investigation into the case involving the murder and rape of a 22-year-old woman in the Kailash Hill area of Amar Colony, located in the South-East district. On Saturday morning, the police brought the accused, Rahul Meena, to the victim's residence, where a complete re-enactment of the crime scene was conducted in the presence of a Forensic Science Laboratory (FSL) team. Prior to this, for security reasons, the entire area had been barricaded to prevent the movement of any outsiders. The accused was led into the house through the exact same route he had taken to reach the flat on the day of the incident. Joint Commissioner of Police Vijay Kumar confirmed this development. During the re-enactment, the accused was asked to identify all the specific locations where the alleged acts of rape, murder, and robbery had taken place. The FSL team videographed every movement and re-evaluated the evidence collected from the scene. According to the police, several significant pieces of evidence have been recovered in this case that could substantially strengthen the charge sheet. These include the victim's blood-stained clothing, bloodstains found within the house, the charger cable allegedly used to strangle the victim, and a table lamp reportedly used to strike the young woman on the head.